दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार,झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी

वर्ष : 10 | अंक : 27 | लखनऊ, 06 जनवरी, शनिवार 2024 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए



विंटर वेकेशन में करो फन इन आउटडोर .....




अनोखी खुशी...

**मौसम**

अधिकतम तापमान 22.c

न्यूनतम तापमान 9.c

**बाजार**

सोना 5510/ g

चांदी 73.50/ g

सेंसेक्स 69,825.60

निफटी 20,969.40

# 140 करोड़ देशवासियों की शक्ति का प्रतीक है भारतीय सेना -सीएम योगी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को सेना के मध्य कमान (सूर्या कमान) में आयोजित तीन दिवसीय 'नो योर आर्मी' फेस्टिवल का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने रंगबिरंगे गुब्बारे आसमान में उड़ाकर फेस्टिवल का औपचारिक उद्घाटन किया। इस दौरान सिख रेजिमेंट के जवानों ने साहसिक पंजाबी धुनों पर अपने पारंपरिक शौर्यकला का शानदार प्रदर्शन किया।इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने यहां आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन किया, जिसमें सेना के साजो-सामान के साथ ही अत्याधुनिक हथियारों का प्रदर्शन किया गया।सीएम योगी ने सेना के अधिकारियों से विभिन्न हथियारों और सैन्य सामानों के बारे में जानकारी भी ली।वहीं इससे पहले मुख्यमंत्री ने फेस्टिवल के उद्घाटन समारोह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना देश के 140 करोड़ जनता की शक्ति और साहस का प्रतीक है।उन्होंने कहा कि एक सशक्त सेना ही सुरक्षित और संप्रभु राष्ट्र की परिकल्पना को साकार कर सकती है।

### सिख रेजिमेंट की शौर्यकला का प्रदर्शन देख सीएम हुए रोमांचित

पहली बार देश की राष्ट्रीय राजधानी के बाहर आयोजित हो रहे 'नो योर आर्मी' फेस्टिवल के लिए मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री और रक्षामंत्री का विशेष रूप से धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि समारोह के लिए लखनऊ स्थित सेंट्रल कमांड को चुना जाना गर्व की बात है। यह प्रदेश के युवाओं को नजदीक से भारतीय सेना को जानने और सेना के शौर्य और पराक्रम को नजदीक से पहचानने का अवसर है।मुख्यमंत्री ने सिख रेजिमेंट के शौर्यकला प्रदर्शन को शानदार बताते हुए कहा कि ये भारत की प्राचीन कला है, जिसके जरिए हमारे पारंगत युवा आक्रांताओं को मुंहतोड़ जवाब देते थे।मंख्यमंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त की कि प्राचीन युद्धकला को भारतीय सेना ने अपना हिस्सा बनाकर ना सिर्फ इस शौर्यकला को सम्मान दिया है, बल्कि सिख गुरुओं के त्याग और बलिदान को भारत के युवाओं के सामने रखकर सम्मान देने का कार्य किया है।

### सेना की शक्ति और पराक्रम देखने का अवसर है ये फेस्टिवल

मुख्यमंत्री ने कहा कि 'नो योर आर्मी' फेस्टिवल के जरिए ना सिर्फ सेना के साजो-सामान और हथियारों की प्रदर्शनी को देखने का अवसर हमें मिल रहा है, बल्कि इसके जरिए सेना की शक्ति, पराक्रम और राष्ट्रभक्ति की निष्ठा को भी नजदीक से जानने समझने का अवसर मिलेगा। यह सेना के हथियारों, उनकी कार्यशैली, और कार्य कुशलता को भी जानने का अवसर है, जिससे सामान्यतः जनता अनभिज्ञ रहती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी वीरों की भूमि है। देश की सुरक्षा के लिए लड़ी गई हर लड़ाई में हमारे जवानों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। देश की सुरक्षा करते हुए हमारे जवानों ने प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। प्रदेश सरकार भी सेवारत और सेवानिवृत्त सैनिकों के हितों के लिए पूरी तरह से संकल्पबद्ध है।सरकार वीरगति प्राप्त करने वाले वीरों के परिजनों को 50 लाख की धनराशि और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने का कार्य करती है।

सीएम योगी ने कहा कि देश आज प्रत्येक क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त कर रहा है। ऐसे में सेना के लिए हथियारों और साजो-सामान के मामले में भी हम तेजी के साथ आत्मनिर्भर हो रहे हैं।

# सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की शाही ईदगाह से जुड़ी याचिका



एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को मथुरा की शाही ईदगाह मस्जिद के पुरातात्विक सर्वेक्षण और साइट को श्री कृष्ण जन्मभूमि घोषित करने की मांग वाली एक जनहित याचिका (पीआईएल) पर विचार करने से इनकार कर दिया, यह देखते हुए कि मुकदमेबाजी की बहुलता उचित नहीं थी जब सिविल सूट का एक बंडल हो। मामले पर फैसला सुनाया जा रहा था। जस्टिस संजीव खन्ना और दीपांकर दत्ता की पीठ ने कहा कि आइए मुकदमेबाजी की बहुलता न रखें। आपने इसे जनहित याचिका के रूप में दायर किया, इसलिए इसे खारिज कर दिया गया।मामले में याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील ने तर्क दिया कि जनहित याचिका को पिछले अक्टूबर में उच्च न्यायालय ने खारिज कर दिया था क्योंकि इस मुद्दे पर कुछ मुकदमे लंबित थे।सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस मुद्दे को जनहित याचिका के रूप में स्वीकार करना उचित नहीं है। याचिकाकर्ता महेक माहेश्वरी का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील ने कहा कि जनहित याचिका में 1991 के पूजा स्थल अधिनियम की वैधता को भी चुनौती देने की मांग की गई है, जो 15 अगस्त, 1947 (राम जन्मभूमि भूमि को छोड़कर) तक मौजूद सभी पूजा स्थलों के चरित्र की रक्षा करता है।

## संक्षिप्त समाचार

### नकली दवा मामले में भी केजरीवाल सरकार की बढ़ेगी मुसीबत, गृह मंत्रालय ने सीबीआई जांच को दी हरी झंडी

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने दिल्ली सरकार के अस्पतालों में घटिया दवाओं की आपूर्ति की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) जांच का आदेश दिया है। दिसंबर में दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने गृह मंत्रालय से मामले की सीबीआई जांच की सिफारिश की थी। गृह मंत्रालय ने सीबीआई को मामले में एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया। यह तब हुआ है जब दिल्ली सरकार के सतर्कता विभाग ने गुरुवार को नकली दवाओं का मामला सीबीआई जांच के लिए गृह मंत्रालय को भेजा था।दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने पहले जांच को पत्र लिखकर मामले की जांच का अनुरोध किया था। यह कदम सरकारी अस्पतालों में कथित तौर पर नकली दवाओं के पाए जाने पर दिल्ली सतर्कता विभाग की रिपोर्ट के आधार पर उठाया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, सतर्कता विभाग ने एलएनजेपी, डीडीयू और आईएचबीएएस जैसे प्रमुख दिल्ली सरकार के अस्पतालों से एकत्र किए गए घटिया दवाओं के नमूनों के आधार पर जांच शुरू की। सतर्कता विभाग ने निर्धारित किया कि दवाएं खराब गुणवत्ता की थीं।सतर्कता विभाग ने कुछ दवाओं को स्टॉक से वापस लेने को कहा क्योंकि वे मानक गुणवत्ता की नहीं पाई गईं। सतर्कता विभाग के आदेश के बाद, दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने स्वास्थ्य विभाग से शहर में सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं में दवा की कमी से बचने के लिए तुरंत वैकल्पिक व्यवस्था करने को कहा। एम्लोडिपाइन (उच्च रक्तचाप के लिए), लेवेतिरसेटम (दौरे के लिए), पैंटोप्राजोल (अतिरिक्त पेट में एसिड के लिए), सेफैलेक्सिन (एंटीबायोटिक), और डेक्सामेथासोन (स्टेरॉयड) उन पांच दवाओं में से हैं जिन्हें आपूर्ति से हटाने का आदेश दिया गया है। शनिवार को, भारद्वाज ने कहा कि नकली दवाओं की एलजी जांच का आदेश चुनिंदा तरीके से दिया गया था, केंद्र सरकार के पोर्टलों से खरीदे गए घटिया उपभोग्य सामग्रियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई।

# उत्तर भारत ठंड से ठिठुरा, मैदानी इलाकों में घने कोहरे ने यातायात को किया प्रभावित

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली। उत्तर भारत के कई हिस्सों में और देश के कुछ मध्य हिस्से में शुक्रवार को अधिकतम तापमान दो से 10 डिग्री सेल्सियस तक नीचे गिर जाने के कारण ठिठुरन वाली ठंड की स्थिति रही।गंगा के मैदानी इलाकों और इसके आसपास देश के मध्य तथा पूर्वी हिस्सों में घना कोहरा छाए रहने से रेल एवं सड़क यातायात प्रभावित हुआ। मौसम कार्यालय ने बताया कि हरियाणा, राजस्थान और पंजाब के कई स्थानों पर ठंड से गंभीर शीत दिवस की स्थिति बनी रही जबकि दिल्ली और उत्तरी मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में शीत दिवस की स्थिति रही।इलाकों में धूप न निकलने के कारण अधिकतम तापमान 10 से 18 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा।शीत दिवस तापमान के 10 डिग्री सेल्सियस से कम हो जाने और अधिकतम तापमान के मौसम के सामान्य तापमान से 4.5 से 6.4 डिग्री सेल्सियस तक नीचे गिर जाने के बाद होता है।वहीं, अधिकतम तापमान के 6.5 डिग्री सेल्सियस और इससे अधिक नीचे गिर जाने के बाद गंभीर शीत दिवस होता है। दिल्ली के प्रारंभिक मौसम केंद्र, सफदरजंग वेधशाला ने अधिकतम तापमान 14.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो इस मौसम के सामान्य तापमान से पांच डिग्री कम है।हरियाणा के अंबाला में अधिकतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से 7.5 डिग्री कम है।

# झूठ बोलकर राजनीति नहीं चलती : जेपी नड्डा

## राहुल गांधी पर वार करते हुए जेपी नडडा बोले– ये भारत जोड़ नहीं रहे, तोड़ने में लगे हैं

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा आज अपने गृह राज्य हिमाचल प्रदेश के दौरे पर हैं। सोलन में उन्होंने भव्य रोड शो किया। इसके साथ ही उन्होंने अभिनंदन समारोह को संबोधित भी किया।अपने संबोधन में नड्डा ने मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनवाई और विपक्ष पर निशाना भी साधा।नड्डा ने कहा कि झूठ बोलकर राजनीति नही चलती है, लोगों को धोखे में रखकर राजनीति नहीं चलती है।लोगों से जुड़ना पड़ता है, उनकी तकदीर बदलनी पड़ती है। और ये काम हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है, इसलिए हमें राजस्थान में जीत मिली, मध्य प्रदेश में जीत मिली और छत्तीसगढ़ में भी जीत मिली। विपक्ष पर वार करते हुए नड्डा ने कहा कि भूपेश बघेल ने गरीबों को दी गई केंद्र सरकार की योजनाओं को लटकाया इसलिए छत्तीसगढ़ की जनता ने उन्हें और उनकी सरकार को लटका दिया। राजस्थान में लोगों को समझ आ गया था कि गहलोत की सरकार महिलाओं पर अत्याचार करने वाली सरकार है, युवाओं के साथ



अन्याय करने वाली सरकार है। 19 बार पेपर लीक हुआ, कोई भर्ती नहीं हुई इसलिए प्रदेश की जनता ने उन्हें घर ?बैठा दिया।उन्होंने कहा कि आज जब देश को बांटने के लिए जाति जाति जाति... चल रही है, तो मोदी जी ने कहा हमारे लिए सिर्फ चार जातियां हैं... महिला, किसान, युवा और गरीब। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि मोदी की गारंटी यानी गारंटी पूरी होने की गारंटी है।पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 80 करोड़ ये अधिक लोगों को हर महीने मुफ्त राशन मिल रहा है। आयुष्मान योजना के तहत 50 करोड़ से अधिक लोगों को हर वर्ष 5 लाख तक का मुफ्त इलाज मिल रहा है। उन्होंने कहा कि ये जो तीन प्रदेशों (मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान) में जीत हुई है और सभी जगहों पर कमल खिल रहा है... ये मोदी जी के प्रति जनता का अटूट विश्वास और भारत की राजनीति की संस्कृति बदलने के कारण हो रहा है। अपना हमला जारी रखते हुए नड्डा ने कहा कि भारत को तोड़ने में तुमने कोई कसर छोड़ी नहीं, अब भारत को जोड़ने की यात्रा पर चले हो। भारत को कमजोर करने वाली धारा 370 को मोदी जी ने हटा दिया, लेकिन कांग्रेस ने धारा 370 हटाने का विरोध किया और अब ये भारत को जोड़ने चले हैं।

# दो हफ्तों में कांग्रेस को क्राउड फंडिंग से मिले सिर्फ 11 करोड़

## आलाकमान हुआ नाराज, नेताओं को दिया गया बड़ा निर्देश

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली। 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले, कांग्रेस ने पार्टी के लिए संसाधन जुटाने के लिए देशव्यापी क्राउड फंडिंग अभियान, डोनेट फॉर देश की घोषणा की थी। पार्टी की ओर से दावा किया गया था कि यह पहल महात्मा गांधी के ऐतिहासिक तिलक स्वराज फंड से प्रेरित थी, जिसे सौ साल पहले 1920-21 में लॉन्च किया गया था।कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे 18 दिसंबर को औपचारिक रूप से अभियान की शुरूआत की थी। उन्होंने खुद 1.38 लाख रुपये का अंशदान दिया।इसका बड़ा कारण यह भी था कि कांग्रेस का दान वित्तीय वर्ष 2021-22 में 95.4 करोड़ रुपये से घटकर वित्तीय वर्ष 2022-23 में 79 रुपये करोड़ हो गया है।अब खबर यह है कि कांग्रेस को उम्मीद के अनुरूप दान नहीं मिल पा रहा है।यही कारण है कि कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने लोगों से चंदा जुटाने के पार्टी के अभियान की गति पर अप्रसन्नता जतायी और नेताओं से कहा कि वे अपने प्रयासों में तेजी लाएं। सूत्रों के अनसुार पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी के अलावा प्रियंका गांधी वाद्रा सहित शीर्ष कांग्रेस नेताओं ने कहा कि दो सप्ताह में 11 करोड़ रुपये का चंदा उत्साहजनक नहीं है।




सूत्रों ने कहा कि पार्टी कोषाध्यक्ष अजय माकन को प्रयासों में तेजी लाने और अभियान को गति प्रदान करने के लिए राज्यों का दौरा करने तथा राज्य इकाइयों के साथ बातचीत करने को कहा गया ताकि पार्टी के लिए अधिक चंदा जुटाया जा सके। सूत्रों ने यह भी दावा किया है कि पार्टी नेतृत्व ने 14 जनवरी से शुरू हो रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा के लिए अलग से चंदा जुटाने का फैसला किया है। पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए चंद जुटाने की खातिर दिसंबर में डोनेट फॉर देश अभियान शुरू किया था। खरगे ने नेताओं से कहा कि वे आंतरिक मामलों पर सार्वजनिक रूप से चर्चा नहीं करें, वहीं राहुल गांधी ने उनसे अनावश्यक टिप्पणियां करने से परहेज करने को कहा।कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आम जनता से चंदा एकत्र करने के लिए शुरू किए गए पार्टी के डोनेट फॉर देश अभियान के वास्ते चंदा दिया था और कहा कि यह सामंजस्यपूर्ण और प्रगतिशील भारत के लिए उनका योगदान है।

# नौसेना ने अपहृत वाणिज्यिक जहाज में सवार चालक दल के सभी 21 सदस्यों को बचाया

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली। भारतीय नौसेना के विशिष्ट समुद्री कमांडो मार्कोस ने उत्तरी अरब सागर में लाइबेरिया के ध्वज वाले वाणिज्यिक जहाज के अपहरण के प्रयास पर कार्रवाई करते हुए हुए शुक्रवार को 15 भारतीयों सहित चालक दल के सभी 21 सदस्यों को बचा लिया। इस जहाज को पांच-छह हथियारबंद लोगों ने अपहरण करने की कोशिश की थी। नौसेना ने एमवी लीला नॉरफोक को अपहत करने की कोशिश के बाद मदद के लिए एक युद्धपोत, समुद्री गश्ती विमान, हेलीकॉप्टर और पी-8आई और लंबी दूरी के विमान और प्रीडेटर एमक्यू9बी ड्रोन तैनात किए।नौसेना के प्रवक्ता कमांडर विवेक मधवाल ने कहा, जहाज पर सवार 15 भारतीयों सहित चालक दल के सभी 21 सदस्यों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है।उन्होंने कहा, मार्कोस कमांडो ने जहाज की जांच की और वहां अपहताओं के नहीं होने की पुष्टि की।समुद्री डाकुओं ने वाणिज्यिक जहाज को अपहत करने की कोशिश संभवतः भारतीय नौसेना के युद्धपोत के पहुंचने और गश्ती विमान की सख्त चेतावनी के बाद छोड़ दी।

# कोलकाता के भारतीय संग्रहालय को बम की धमकी वाला मेल मिला, विजिटर्स की एंट्री रोकी गई



*कोलकाता पुलिस को भारतीय संग्रहालय में बम की धमकी के संबंध में 'टेरराइजर्स 111' नामक एक समूह से एक मेल मिला।एएनआई ने कोलकाता पुलिस के हवाले से कहा कि एक बम निरोधक दस्ता स्थान पर पहुंच गया।*

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

कोलकाता । कोलकाता के भारतीय संग्रहालय को ईमेल के जरिए बम की धमकी मिली, जिसमें कहा गया कि संग्रहालय के अंदर बम रखे गए हैं और सुबह में विस्फोट हो जाएगा।धमकी भरे मेल के बाद पूरे संग्रहालय को खाली करा लिया गया और बम निरोधक दस्ते, खोजी कुत्तों और कोलकाता पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को मौके पर भेजा गया। कोलकाता पुलिस पूरी बिल्डिंग की स्कैनिंग और सैनिटाइजेशन कर रही है। कोलकाता पुलिस को भारतीय संग्रहालय में बम की धमकी के संबंध में 'टेरराइजर्स 111' नामक एक समूह से एक मेल मिला। एएनआई ने कोलकाता पुलिस के हवाले से कहा कि एक बम निरोधक दस्ता स्थान पर पहुंच गया और अगले कुछ घंटों के लिए संग्रहालय में आगंतुकों का प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया गया।फिलहाल, पुलिस को म्यूजियम के अंदर कोई विस्फोटक या उपकरण नहीं मिला है। तलाश जारी है, पुलिस मेल भेजने वाले की लोकेशन भी ट्रैक कर रही है।

**इस्तीफा** | **एएपी ने बनाया है राज्यसभा उम्मीदवार**

# डीसीडब्ल्यू प्रमुख पद से इस्तीफा देते वक्त भावुक हुई स्वाति मालीवाल

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार




*महिलाओं के अधिकारों की वकालत के लिए जानी जाने वाली स्वाति मालीवाल संसदीय क्षेत्र में पदार्पण करेंगी।वीडियो में यह भी दिख रहा है कि स्वाति मालीवाल अपने ऑफिस के कर्मियों को गले लगाकर भावुक हो रही है। कर्मियों के भी आंखों में पानी है।*

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) द्वारा राज्यसभा के लिए नामांकित किए जाने के बाद दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) प्रमुख स्वाति मालीवाल ने शुक्रवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया।समाचार एजेंसी / अमन लेखनी समाचार एएनआई द्वारा पोस्ट किए गए एक वीडियो में उस मार्मिक क्षण को कैद किया गया है जब मालीवाल अपने सहयोगियों को विदाई देती हैं, अपने इस्तीफे पर हस्ताक्षर करती हैं और अपने कार्यालय से निकलते समय उनकी आंखों में आंसू आ जाते हैं। आम आदमी पार्टी ने आगामी राज्यसभा चुनाव के लिए स्वाति को अपना उम्मीदवार बनाया है। महिलाओं के अधिकारों की वकालत के लिए जानी जाने वाली स्वाति मालीवाल संसदीय क्षेत्र में पदार्पण करेंगी।वीडियो में यह भी दिख रहा है कि स्वाति मालीवाल अपने ऑफिस के कर्मियों को गले लगाकर भावुक हो रही है। कर्मियों के भी आंखों में पानी है। आप की राजनीतिक मामलों की समिति (पीएसी) ने संजय सिंह और एनडी गुप्ता को उच्च सदन के सदस्यों के रूप में उनके दूसरे कार्यकाल के लिए चलाने का फैसला किया है, जो 27 जनवरी, 2024 को समाप्त हो रहा है। स्वाति मालीवाल सुशील कुमार गुप्ता का स्थान लेंगी, जिनका राज्यसभा सदस्य के रूप में कार्यकाल इस महीने समाप्त हो रहा है। मालीवाल दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष थीं। एएपी द्वारा राज्यसभा के लिए नामांकित किए जाने के बाद उन्होंने डीसीडब्ल्यू प्रमुख के पद से इस्तीफा दे दिया। वह महिलाओं के अधिकारों और सामाजिक मुद्दों के लिए एक सक्रिय वकील हैं। मालीवाल महिलाओं के खिलाफ हिंसा का मुकाबला करने, सख्त कानूनों की वकालत करने और लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न अभियानों और आंदोलनों से जुड़ी रही हैं। स्वाति मालीवाल का जन्म 15 अक्टूबर 1984 को गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश में हुआ था। वह जुलाई 2015 में डीसीडब्ल्यू अध्यक्ष के रूप में शामिल हुईं। उनका कार्यकाल 2018 में समाप्त हो गया। हालांकि, इसे अगले तीन वर्षों के लिए बढ़ा दिया गया था। मालीवाल इस पद पर पहुंचने वाली सबसे कम उम्र की व्यक्ति थीं। इससे पहले, वह सार्वजनिक शिकायतों पर दिल्ली के मुख्यमंत्री की सलाहकार थीं। उन्होंने दिल्ली में एसिड हमलों, यौन उत्पीड़न और महिला सुरक्षा जैसे मुद्दों के समाधान के लिए पहल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

## कविता



राम ललनवा का मन्दिरवा साजेर
पावन हो गई हमारी अयोध्या नगरिया रे
घर घर साजे है केसरिया बंदनवार
वनवास से आए हमारे राजा राम
14 वर्ष का वनवास तो कुछ न था
यह तो था अवध नगरी का शाप
कि टेंट में सुशोभित उनका परिवार
पर अब मन्दिर में हुआ उनका निवास
22 जनवरी प्राण प्रतिष्ठा का सोमवार
बहुत दु:ख सहे इस मुक्ति खातिर
कोर्ट कचहरी का चक्कर काटे
पुरातत्व की खुदाई भी नापे
फिर भी सच्चाई छुप न पाई
आज राम ललनवा साजत है
अपनी नगरी में धूम से विराजत है
आज तो अयोध्या का भाग्य जागा
देव दीपावली का पर्व आया
सभी आओ इस पावन बेला में
श्रद्धासुमन अर्पित करो राम लला को
आशीष लेकर घर घर जाओ
राम लला के महिमा गुण गाओ
क्योंकि सज गई आज अवध नगरिया रे
आए हमारे राम हमारे मन्दिरवा में
आओ आए हमारे राम हमारी बगिया में
नाचो गाओ आज सारी अयोध्या रे

**डॉ सुधा मौर्य**

# गोवंशो से तंग आकर किसानों ने दर्जनों गोवंशो को ब्लॉक में किया बन्द, काटा हंगामा

## जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते छुट्टा गोंवशों का दंश झेल रहे क्षेत्र के किसान

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। अन्ना जानवरों की समस्या नासूर बनती जा रही है। आवारा पशु किसानों की फसलें नष्ट कर रहे हैं। निराश्रित गोंवशों के लिए सरकार ने गांव-गांव में पशु आश्रय केंद्र का निर्माण कराया है। इसके बावजूद भी किसानों को इससे निजात नहीं मिल रही। निराश्रित गोंवशों की समस्या से अजीज होकर आक्रोशित ग्रामीणों ने निराश्रित पशुओं के झुंड को पहले घेरा बाद में खदेड़कर लाकर उन्हें ब्लॉक भवन में बंद कर हंगामा काटा। ब्लाक अधिकारियों व कर्मचारियों ने गोवंशों को पशु आश्रय केंद्र भिजवाया। शुक्रवार को माल विकासखंड क्षेत्र के ग्राम रामनगर के किसानों ने निराश्रित पशुओं से परेशान होकर ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में गोवंशों के झुंड को माल ब्लाक में बंद कर ब्लॉक मुख्यालय पर हंगामा काटा। भारी संख्या में जानवरों को देखकर वहां बैठे ब्लॉक के अधिकारियों के हाथ पांव फूलने लगे और मामला बिगड़ता देख काफी देर बाद अधिकारियों ने ब्लॉक के अंदर बंद गोवशों को डीसीएम के माध्यम से नजदीकी पशु आश्रय केंद्र भिजवाया।



ब्लॉक से डीसीएम से गौशाला भेजे जाते गोवंश




माल ब्लॉक के गेट पर प्रदर्शन करते ग्रामीण

### गोवंशों के आतंक से किसान परेशान

किसानों का आरोप है कि गोवंश फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। और पल भर में झुंड का झुंड फसलों को चट कर जाते है। गोवंश गांवों में सबसे बड़ी समस्या बन चुके हैं। जिससे फसलों की रखवाली के लिए सर्द रातों में खेतों में पहरा देना पड़ रहा है। शिकायत के बाद भी उनकी समस्या हल नहीं हो रही। जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते छुट्टा गोंवशों का दंश झेल रहे क्षेत्र के किसान. ब्लॉक टीम ने आवारा गोंवशों की पकड़वाने की जहमत नहीं उठाई थी। जिससे परेशान होकर ग्रामीण ने यह कदम उठाया है।

# प्रधान ने जरूरतमंद लोगों को कंबल किए वितरित,कंबल पाकर खिले बुजुर्गों के चेहरे

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। माल विकासखंड की ग्राम पंचायत लतीफपुर की ग्राम प्रधान गीता सिंह ने शुक्रवार को जरूरतमंदों को कंबल वितरित किये कंबल पाकर बुजुर्ग काफी खुश नजर आए।बढ़ी हुई ठंड और शीतलहर से लोग परेशान हैं। कुछ लोग ऐसे भी हैं जिनके पास रहने के लिए ना ही घर है ना ही ठंड मे ओढ़ने के लिए कम्बल।इसी क्रम में शुक्रवार को ग्राम पंचायत लतीफपुर में ग्राम प्रधान गीता सिंह के द्वारा जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए गए। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि धर्मपाल सिंह ने बताया कि इस समय काफी ठंड पड़ रही है। गरीबों के पास पर्याप्त संसाधन न होने से वह ठिठुर रहे हैं। ऐसे लोगों की मदद करने के लिए हमेशा ग्राम प्रधान प्रतिबद्ध रहती हैं। उन्होंने कहा कि गरीबों की सेवा पुण्य का काम है। गर्म कपड़े के अभाव में असहाय व गरीब परेशान हैं। उन्हें राहत प्रदान करने के लिए कंबल दिया गया है।

# क्षेत्र की समस्याओं के साथ पर्यावरण पर भी करें चर्चा : सतीश महाना

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। विधानसभा के आगामी बजट सत्र में अपनी प्रतिभा का ऐसा प्रदर्शन करें जिससे प्रदेश में बेहतर छवि बन सके। सदन में जिस विषय पर किसी अन्य सदस्य ने अपनी बात न रखी हो, उस पर अपनी निपुणता दिखाने का काम अवश्य करें। विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं के साथ पर्यावरण पर भी चर्चा करें जिसका संदेश देश की दूसरी विधानसभाओं तक पहुंचे।

यह बातें आज उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने क्षेत्रवार शुरू हुए संवाद कार्यक्रम के दूसरे दिन रुहेलखण्ड क्षेत्र से जुडे विधायकों से यहां कही। उन्होंने कहा कि पर्यावरण जैसे विषय पर चर्चा होने से देश में यूपी विधानसभा का मान और बढेगा।

श्री महाना ने कहा कि सदन में जिस विषय पर किसी सदस्य ने बोलने का काम नहीं किया है। और यदि उस विषय पर कोई सदस्य निपुणता हासिल करके बोलेगा तो उसकी बात को पूरा सदन बड़े गौर से सुनेगा क्योंकि भाषण देने वालों को भाषण सुनाना बहुत कठिन होता है।



विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि पिछले कुछ दशकों में विधायिका को बेहद कमजोर दिखाने का काम किया गया जबकि यह लोकतंत्र का सबसे मजबूत स्तम्भ है। लाखों लोगों को संतुष्ट करने का काम एक विधायक ही करता है। जनता के बीच एक विधायक का काम कभी खत्म ही नहीं होता। एक विधायक को अपने क्षेत्र के काम के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए। जनता को उसके काम की नहीं बल्कि काम के प्रयास की गारंटी देनी चाहिए।

श्री महाना ने कहा कि विधायक अपने से वरिष्ठ सदस्यों से सीखने का काम करें, चाहे वह सत्ता पक्ष के हों अथवा विपक्ष के वरिष्ठ विधायक हों। अपने अनुभवों को साझा करते हुए उन्होंने कहा कि 1991 में जब पहली बार विधानसभा के लिए चुना गया तो दलगत राजनीति से ऊपर उठकर वरिष्ठों से सीखने का खूब काम किया। उन्होंने कहा कि राजनीतिक मजबूरी के तहत एक दूसरे दल के खिलाफ बोलना और उसकी आलोचना करना तो सरल होता है लेकिन इस बात का लाभ उस क्षेत्र की जनता को नहीं मिल पाता है।

इस मौके पर वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अरुण कुमार ने विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजनों से विधायकों को बहुत कुछ सीखने को मिल रहा है। हमने जब पहली बार विधानसभा में कदम रखा था। तब भी महाना जी से सीखता था और आज भी सीख रहा हूं।

विधानसभा सदस्य इकबाल महमूद ने कहा कि विधान परिषद की तरह ही विधानसभा में लंच ब्रेक की व्यवस्था शुरू की जानी चाहिए। वहीं आकाश सक्सेना ने कहा कि विधायिका की गरिमा बनी रहे इस का ध्यान हम सबको सदैव रखना चाहिए। कमाल अख्तर ने कहा कि जिस तरह से सदन का संचालन हो रहा है। उस पर हम सबको फक्र है। साथ ही यह भी कहा कि विधानसभा सत्र को बढ़ाया जाना चाहिए। वहीं शहजिल इस्लाम ने कहा कि जिसकी तीसरी पीढ़ी विधायिका से जुड़ी है उसको सम्मानित किया जाना चाहिए।

संवाद कार्यक्रम में उपस्थित 26 सदस्यों में राजीव सिंह ह्यबब्बू भैया,ह्ल समरपाल सिंह, डा डी.सी. वर्मा, मो. फहीम, संजीव अग्रवाल, डा एम.पी. आर्य, मो.नासिर, आशुतोष मौर्य, प्रसन्न कुमार, अशरफ अली, मुकेश चौधरी, आशु मलिक, महेश गुप्ता, उमर अली समेत अन्य विधायकों ने अपने विचार और सुझावों को रखा। कार्यक्रम में प्रमुख सचिव प्रदीप दुबे भी उपस्थिति थें।

# ट्रेलर ने स्कूटी में मारी टक्कर ,महिला की मौत

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ ।मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के सैय्यद बाबा मोड़ के पास गुरूवार की देर रात फल व चाय की दुकान बंद कर नौकर के साथ स्कूटी से घर जा रही महिला को तेज रफ्तार ट्रेलर ने जोरदार टक्कर मार दी ? ।जिसके बाद स्कूटी से छिटककर महिला ट्रेलर के नीचे आ गयी और चालक महिला को रौदते हुये मौके से भाग निकला ।सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दुर्घटना कर मौके से भाग रहे ट्रेलर व चालक को पीछाकर उत्तरगांव के पास से गिरफ्तार किया ।पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा ।दुर्घटना में नौकर भी घायल हो गया ।जिसे इलाज के लिये परिजन अस्पताल लेकर गयें।

मोहनलालगंज के डेहवा गांव निवासी राधेलाल ने बताया सैय्यद बाबा मोड़ पर उसकी फल व चाय की दुकान है। बीते गुरूवार की रात नौ बजे के करीब पत्नी कमला देवी (50वर्ष) दुकान बंदकर नौकर दुबेश निवासी डेहवा के साथ स्कूटी से निकली थी तभी तेज रफ्तार ट्रेलर अचानक से सिसेंडी की तरफ मुड़ा ओर स्कूटी में सामने से जोरदार टक्कर मार दी.टक्कर लगते ही पत्नी स्कूटी से छिटककर ट्रेलर के पहिये के नीचे आ गयी ओर भगाने के चक्कर में चालक ने पत्नी कमला देवी को रौंद दिया ।दुर्घटना में महिला कमला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी ओर नौकर दुबेश घायल हो गया ।परिजन मौके पर पहुंचे तो कोहराम मच गया ।घायल नौकर को पुलिस ने इलाज के लिये अस्पताल भेजने के साथ ही मृतका के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा ।मृतका के बड़े बेटे शुभम की भी मई2022 में सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी थी ।शुक्रवार को पीएम के बाद मृतका का शव डेहवा स्थित घर पहुंचा तो कोहराम मच गया ।पति राधेलाल व इकलौता बेटा अरूण व विवाहिता बेटी मां के शव से लिपटकर बिलख पड़ें। इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया दुर्घटना करने वाले ट्रेलर व चालक को हिरासत में ले लिया गया है ।मृतका के परिजनो के तहरीर देने पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जायेगी।

# डिलवरी के बाद प्रसूता की बिगड़ी तबीयत,हुयी मौत

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। निगोहां थाना क्षेत्र के गौतमखेड़ा गांव में मजदूर कन्हई अपनी पत्नी सरोज के साथ रहता था ।मजदूर की पत्नी सरोज नौ माह के गर्भ से थी,प्रसव पीढा होने पर उसने पत्नी को मोहनलालगंज सीएचसी में भर्ती कराया था,जहां बीते गुरूवार को नार्मल डिलवरी से सरोज ने नवजात बेटे को जन्म दिया था,बेटे के जन्म के कुछ ही देर बाद से ही प्रसूता की तबीयत अचानक से बिगड़ी तो आनन-फानन में महिला वार्ड में मौजूद डाक्टर ने उसे क्वीन मेरी हास्पिटल रेफर कर दिया,जहां इलाज के दौरान प्रसूता ने दम तोड़ दिया ।जिसके बाद परिजन देर रात मृतका का शव लेकर घर चले आये ।शुक्रवार को परिजन शव की अन्तिम संस्कार की तैयारी कर रहे थे तभी मौके पर पहुंचा मायके पक्ष बेटी सरोज की मौत को सदिग्धं बताते हुये हगांमा करने लगा ओर डायर -112 पर फोन कर पुलिस को सूचना दी ।जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने हगांमा कर रहे मायके पक्ष को समझाते हुते मृतका के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा ।जिसके बाद हगांमा कर रहे मायके पक्ष के लोग शांत हुयें ।पति कन्हई ने बताया 15साल के लम्बे इंतजार के बाद पत्नी सरोज की सुनी गोद भरी थी ओर उसने सीएचसी में नवजात बेटे को जन्म दिया था,लेकिन बेटे का चेहरा देखने के पहले ही उसकी हालत बिगड़ गयी ओर एम्बुलेंस से इलाज के लिये क्वीन मेरी हास्पिटल लेकर पहुंचा तो वहा इलाज के दौरान पत्नी ने दम तोड़ दिया ।जिसके बाद परिवार में कोहराम मच गया।

# मुख्तार अंसारी के करीबी के एफआई अस्पताल पर चला बुलडोजर, बाद में हाईकोर्ट ने लगाई दो सप्ताह की रोक

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बर्लिंग्टन चौराहे के पास अवैध तरीके से बने माफिया मुख्तार अंसारी के करीबी बिल्डर के एफआई अस्पताल पर शुक्रवार को एलडीए का बुलडोजर चला। बुलडोजर और पोकलैंड मशीनों के अलावा 48 श्रमिक ध्वस्तीकरण की कार्रवाई में लगाए गए थे। श्रमिकों ने फर्श और दीवारों को तोड़ दिया। वहीं, मशीनों ने अस्पताल परिसर को खंडहर में तब्दील कर दिया। इस बीच बिल्डर ने हाईकोर्ट में अर्जी दी। कोर्ट ने दो सप्ताह तक कार्रवाई पर रोक लगा दी है।

हाईकोर्ट ने बिल्डर को मंडलायुक्त कोर्ट में अपील करने के लिए कहा है। बिल्डर की ओर से मंडलायुक्त कोर्ट में अर्जी दी जाएगी। अगर वहां से बिल्डर को राहत नहीं मिलती है, तो दो सप्ताह बाद फिर से ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू होगी। एलडीए के अधिकारी



एफआई अस्पताल के बाहर शुक्रवार सुबह से ही मुस्तैद हो गए। सुरक्षाकर्मियों ने एनाउंस कर परिसर में मौजूद लोगों को बाहर निकलने के लिए कहा। लोगों को वहां से हटाने के बाद बुलडोजर चलना शुरू हो गया। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात रहे। हाईकोर्ट के स्टे ऑर्डर के बाद कार्रवाई रोक दी गई।

एलडीए की ओर से पांच दिसंबर को नोटिस जारी कर एफआई अस्पताल को दस्तावेज दिखाने के लिए कहा गया था। एलडीए वीसी इंद्रमणि त्रिपाठी ने बताया कि अस्पताल संचालक की ओर से कोई दस्तावेज पेश नहीं किया गया। जवाब नहीं मिलने पर एलडीए ने 24 दिसंबर को अस्पताल सील कर दिया था। एलडीए ने ध्वस्तीकरण का नोटिस भी चस्पा किया था। समय पूरा होने के बाद शुक्रवार को कार्रवाई शुरू की गई। इस दौरान एफआई टॉवर में रहने वाले लोग बालकनी से पूरी कार्रवाई देखते नजर आए। आवंटियों के चेहरे पर चिंता साफ झलक रही थी।

### सील खोलकर छात्रों का सामान निकलवाया गया

एलडीए की ओर से कार्रवाई शुरू करने से पहले सील को खोला गया। इसके बाद फार्मासिस्ट और नर्सिंग के छात्रों का हॉस्टल में बंद सामान निकलवाया गया। कुछ छात्रों ने अफसरों से इस संबंध में गुहार लगाई थी। इससे पहले बृहस्पतिवार रात में अधिकारियों ने अस्पताल को खाली कराया था। कार्रवाई के दौरान बिजली आपूर्ति रोक दी गई। हॉस्टल के पास ही ट्रांसफार्मर रखा था, जिसे हटा दिया गया। बिजली काटे जाने से इलाके के लोगों को करीब पांच घंटे परेशानी का सामना करना पड़ा। कार्रवाई बंद होने के बाद बिजली कनेक्शन जोड़ा गया।

# जालसाजों ने चार को लगाई 45.72 लाख की चपत

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। जालसाजों ने चार लोगों को 45 लाख 72 हजार रुपये की चपत लगा दी। पीड़ितों ने संबंधित थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। सआदतगंज के मोमिन नगर निवासी अबूजर के मुताबिक बीते 23 दिसंबर को उनके वाहट्सएप पर घर बैठे कमाई करने का मैसेज आया था। उन्हें टेलीग्राम पर नीता नामक महिला से बात कर एक ग्रुप में जुड़ने को कहा गया। इसके बाद उन्हें झांसे में लेकर कई बार में 41 लाख 29 हजार आठ सौ रुपये प्रीपेड टास्क के रूप में रुपये जमा करा लिए। कुछ दिन बाद मैसेज आया, जिसमें उनसे टास्क गलत होने पर हुए नुकसान की भरपाई के नाम पर 29 लाख 60 हजार और मांगे गए। अमीनाबाद निवासी असद मियां की जूते वाली गली में आभूषण की दुकान है। असद के मुताबिक अगस्त 2022 में लोन लैंडिंग कार्ड फाइनेंस लिमिटेड से साढ़े चार लाख रुपये लोन लिया था। 10 नवंबर 2023 को एक व्यक्ति ने उन्हें फोन कर खुद को फाइनेंस कंपनी का कर्मचारी राकेश बताया और पिछले लोन के ब्याज समेत तीन लाख 19 हजार रुपये जमा करने पर 15 लाख का नया लोन देने का झांसा दिया। असद ने जालसाज द्वारा बताए गए खाते में 28 दिसंबर को रकम जमा कर दी। आरोप है कि एनओसी मांगने पर आरोपी टालता रहा। कंपनी के ऑफिस पहुंचने पर असद को पता चला कि उनके यहां किसी भी तरह का भुगतान ही नहीं हुआ। गुडंबा की साईं कॉलोनी निवासी प्रशांत कुमार के मुताबिक बुधवार को उनके भाई मुकेश एटीएम से रुपये निकालने गए थे। तभी किसी ने झांसा देकर उनका एटीएम कार्ड बदलकर खाते से एक लाख रुपये निकाल लिए।

# किशोरी से शोहदे ने छेड़छाड़ की, विरोध पर पीटा

अमन लेखनी समाचार

**मोहनलालगंज।** निगोहां थाना क्षेत्र के एक गांव के चौराहे पर स्थित पिता की सब्जी की दुकान से वापस घर लौट रही किशोरी से सरेराह शोहदे ने अश्लील करते हुये छेड़छाड़ की। विरोध करने पर किशोरी की पिटाई कर जान से मारने की धमकी देते हुये आरोपी शोहदा मौके से भाग निकला ।पीड़ित किशोरी ने घर पहुंचकर मां से आपबीती बताई ।जिसके बाद मां ने बेटी संग थाने पहुंचकर पुलिस से लिखित शिकायत कर कार्यवाही की मांग ।पुलिस आरोपी शोहदे के विरूद्व छेड़छाड़, मारपीट समेत पाक्सो एक्ट की धाराओ में मुकदमा दर्ज कर तलाश में जुट गयी हैं ।निगोहां के एक गांव निवासी महिला ने बताया गांव के चौराहे पर पति की सब्जी की दुकान है,बीते बुद्ववार की शाम सात बजे के करीब 15वर्षीय बेटी दुकान से वापस घर आ रही थी तभी रास्ते में बेटी को अकेला देखकर शोहदा सुबिन्द्र निवासी भावाखेड़ा थाना मोहनलालगंज अश्लील हरकते करते हुये छेड़छाड़ करने लगा ।बेटी ने विरोध जताया तो शोहदे ने उसकी पिटाई कर जान से मारने की धमकी देते मौके से भाग निकला ।जिसके बाद पीड़ित बेटी ने घर पहुंचकर आपबीती बताई ।थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया पीड़ित किशोरी की मां के द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर आरोपी शोहदे के विरूद्व छेड़छाड़, मारपीट,पाक्सो एक्ट समेत अन्य धाराओ में मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

# वार-पलटवार: गिरिराज ने कहा प्राण प्रतिष्ठा से पहले कोई घटना करा सकता है विपक्ष, स्वामी बोले- डर सत्ता से है

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ,** गिरिराज सिंह ने एक टीवी चैनल से बात करते हुए कहा था कि राम मंदिर के पहले विपक्ष जानबूझकर कोई घटना अयोजित करा सकता है। उन्होंने कहा था कि अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के पहले इंडिया गठबंधन साजिश रचकर किसी घटना को अंजाम दे सकता है। उनके इस बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्या ने कहा कि राम मंदिर को खतरा सत्ता से नहीं विपक्ष से हो सकता है। राम मंदिर और सीएम योगी आदित्यनाथ को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले का खुलासा हो चुका है। फर्जी आईडी से धमकी देने वाले आदमी का रिश्ता किस पार्टी से है यह



जगजाहिर है। वैसे भी केंद्र और प्रदेश दोनों में ही एक पार्टी का शासन है तो इस पर गिरिराज सिंह को चिंता नहीं करनी चाहिए। मालूम हो कि 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम होना है। पीएम मोदी इस कार्यक्रम के मुख्य यजमान होंगे। इस कार्यक्रम की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं।

# दो पक्षो में जमकर मारपीट,आधा दर्जन घायल

**लखनऊ** ।निगोहां थाना क्षेत्र के परसपुरठठ्ठा गांव में मैच में हुये विवाद के बाद बीते गुरुवार की शाम दो पक्षो के दर्जन भर लोग लाठी-डंडो से लैस होकर आमने-सामने आ गये और जमकर मारपीट हुयी ।जिसमें दोनो पक्षो के आधा दर्जन लोग घायल हो गयें ।सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलो को इलाज के लिये सीएचसी भेजा ।दोनो पक्षो की तहरीर पर पुलिस ने मारपीट,बलवा,जान से मारने की धमकी देने समेत एससी/एसटी एक्ट की धाराओ में क्रास मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गयी है।

# इंटरनेशनल फिल्म सिटी प्रोजेक्ट के लिए यीडा को मिलीं 4 बिड

**प्राधिकरण स्तर पर तकनीकी परीक्षण के बाद की जाएगी वित्तीय बिड खोलने की कार्यवाही**

**प्रथम चरण में यमुना प्राधिकरण क्षेत्र के सेक्टर 21 में 230 एकड़ में स्थापित की जाएगी अंतर्राष्ट्रीय फिल्म सिटी**

**सीएम योगी आदित्यनाथ की महत्त्वाकांक्षी परियोजना है अंतर्राष्ट्रीय फिल्म सिटी**

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ,** सीएम योगी की महत्त्वाकांक्षी परियोजना अंतर्राष्ट्रीय फिल्म सिटी के लिए शुक्रवार को अंतिम दिन यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) को कुल 04 बिड प्राप्त हुई हैं। प्राप्त चारों बिड्स का अब प्राधिकरण स्तर पर तकनीकी परीक्षण किया जाएगा। इसके बाद नियमानुसार वित्तीय बिड खोलने की कार्यवाही की जाएगी। यमुना प्राधिकरण क्षेत्र के सेक्टर 21 में प्रथम चरण में 230 एकड़ में स्थापित की जा रही इस अंतर्राष्ट्रीय फिल्म सिटी परियोजना के लिए बिड जमा करने की अंतिम तिथि 5 जनवरी दोपहर 3:00 बजे थी। टेक्निकल बिड प्राधिकरण कार्यालय के सभाकक्ष में खोली गई।

उल्लेखनीय है कि यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा अंतर्राष्ट्रीय फिल्म सिटी परियोजना की स्थापना के लिए 30 सितंबर 2023 को अंतर्राष्ट्रीय बिड जारी की गई थी। प्राधिकरण के सेक्टर 21 में स्थापित की जा रही हैं फिल्म सिटी परियोजना का कुल एरिया 1000 एकड़ का है तथा इसके प्रथम चरण में 230 एकड़ में फिल्म सिटी स्थापित की जा रही है।

## संक्षेप

### लोक अदालत को सफल बनाने के लिए की समीक्षा बैठक

उन्नाव। आगामी दिनांक 22.01 व 23 एवं 24 को एन०आई०एक्ट० के मामलों का अधिक से अधिक निस्तारण हेतु सुनिश्चित विशेष लोक अदालत को सफल बनाने हेतु समीक्षा बैठक आहुत की गयी राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निदेर्शानुसार दिनांक- 22.01.2024, दिनांक- 23.01.2024 एवं दिनांक- 24.01.2024 को सुनिश्चित एन०आई०एक्ट० मामलों से संबंधित विशेष लोक अदालत के आयोजन में एन०आई०एक्ट० के मामलों का अधिक से अधिक निस्तारण सुनिश्चित कराने हेतु आज दिनांक- 05.01.2024 सायं- 04:30 बजे कमेटी की पीठ के सदस्य रवि प्रकाश साहू अपर जिला जज/फास्ट ट्रैक कोर्ट एवं मनीष निगम अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उन्नाव विश्राम कक्ष में एक बैठक आहूत की गई जिसमें समस्त न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं सिविल जज उपस्थित रहें

उक्त बैठक में कमेटी की पीठ के सदस्य द्वारा उपस्थित न्यायिक अधिकारीगण को दिनांक- 22.01.2024, दिनांक- 23.01.2024 एवं दिनांक- 24.01.2024 को सुनिश्चित एन०आई०एक्ट० मामलों से संबंधित विशेष लोक अदालत को सफल बनाये जाने पर विचार-विमर्श किया गया एवं उनको अधिक से अधिक नोटिसों की तमिला करवाने हेतु निर्देशित किया गया तथा सुलह समझौता के आधार पर एन०आई०एक्ट० मामलों के अधिक से अधिक निस्तारण पर बल दिया गया।

### मंदिर में पूजा करके घर वापस आते समय युवक ने महिला के साथ की छेड़खानी

बीघापुर, उन्नाव। प्रतिदिन की भांति महिला मंदिर में पूजा पाठ करने के बाद घर वापस आते समय रास्ते में गांव के ही युवक ने अश्लील हरकतें की एस पी के आदेश मुकदमा दर्ज किया गया बारा सगवर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बक्सर निवासिनी एक महिला प्रतिदिन की भांति प्रसिद्ध शक्तिपीठ मां चंडिका देवी मंदिर में नए वर्ष पर सायंकाल पूजा करने के बाद घर वापस आ रही थी मंदिर जाने वाले रास्ते में नाले के पास गांव के जय राम पुत्र स्वर्गीय शिव भजन रास्ता सुना देख कर पीड़िता का हाथ पकड़ कर खरपतवार में घसीट ले गया तहरीर में प्रार्थिनी ने लिखा कि मैं एक विधवा महिला हूं प्रतिदिन चंडिका धाम स्थित बक्सर मंदिर में पूजा पाठ करने जाती हूं मेरे साथ घटित हुई घटना से दुखी और आहत हूं पुलिस अधीक्षक को दिए गए प्रार्थना पत्र के आदेश पर संबंधित थाने में छेड़छाड़ सहित मारपीट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी।

# खेलकूद प्रतियोगिता का किया गया शुभारंभ

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। जिला युवा कल्याण एवं प्रा0वि0द0 अधिकारी ने बताया है कि युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग, उन्नाव के तत्वाधान में जनपद स्तरीय ग्रामीण खेल लीग वर्ष 2023-24 का आयोजन दिनांक 04, 05 एवं 06 जनवरी 2024 को पं0 दीन दयाल उपाध्याय स्पोर्ट्स स्टेडियम, उन्नाव में किया जा रहा है जिसमें एथलेटिक्स, वालीवाल, कबड्डी, फुटबाल, जूडो, भारोत्तोलन, बैडमिंटन एवं कुश्ती सभी प्रतियोगिताएं सम्पन्न करायी जा रही है। मुख्य अतिथि सांसद डा0स्वामी सच्चिदानंद हरि साक्षी महाराज एवं विशिष्ट अतिथि सदर विधायक पंकज गुप्ता द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर दिनांक 05 जनवरी 2024 की प्रतियोगिताओं का शुभारम्भ किया। आज की प्रतियोगिता में कबड्डी विधा में विकास खण्ड बिछिया (जूनियर



बालक वर्ग) विजेता, वालीवाल विधा में जूनियर बालक वर्ग सुमेरपुर विजेता, बीघापुर उपविजेता, बैडमिंटन सीनियर वर्ग अनुराग विकास खण्ड हिलौली विजेता, भारोत्तालन में 49 केजी भार में रजनी विकास खण्ड बिछिया प्रथम, रिया विकास खण्ड द्वितीय, 64 केजी भार वर्ग में काजल विकास खण्ड बिछिया प्रथम रही, जूडो में 35 केजी में बालक वर्ग गोपाल विजेता, 40 केजी में अर्पित विजेता, बालिका वर्ग 52 केजी भार वर्ग में प्रीति विजेता रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि ने विजयी प्रतिभागियों को पुरूस्कार स्वरूप ट्रॉफी, मेडल, प्रमाण पत्र, टैज्क सूट/टीशर्ट-लोवर/टीशर्ट शाट्स देकर सम्मानित किया।मुख्य अतिथि सांसद ने अपने उद्बोधन में भारत माता की जय का उद्घोष करते हुए ग्रामीणआंचलों से आये समस्त प्रतिभागियों के मनोबल को बढ़ाते हुए सभी को जनपद उन्नाव का नाम प्रदेश स्तर पर ही नहीं बल्कि देश भर में पहचान बनाने को कहा। मा0 सांसद ने कहा के देश के प्रधानमंत्री एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री जी खेलों को बढ़ावा देने के लिए समस्त ग्राम पंचायतों में खेल मैदानों का निर्माण कराकर ग्रामीण प्रतिभा को निखारने का काम कर रहे है। जल्द ही पूरे विश्व में खेलो में भारत का परचम सर्वोच्च स्थान पर होगा। कार्यक्रम का समापन जिला युवा कल्याण एवं प्रा0वि0द0 अधिकारी शिवराम सिंह ने आये हुए मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। उक्त कार्यक्रम में कार्यक्रम प्रभारी अरूणेश कुमार, समस्त क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रा0वि0द0 अधिकारी निर्णायक गण एवं अन्य कार्यालय स्टाफ शामिल रहे।

# ब्लाक परिसर में रोजगार मेले का हुआ आयोजन

**अमन लेखनी समाचार**



औरास, उन्नाव। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान एवं दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के अंतर्गत विकासखंड औरास के सभागार में रोजगार मेले का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख ज्ञानेंद्र सिंह ने रोजगार मेले का शुभारम्भ किया और बताया कि मनरेगा में सौ दिन काम करने वाले लोगों को भी उत्तर प्रदेश सरकार रोजगार मुहैया करा रही है वही मेले में भाजपा के मंडल अध्यक्ष बृजेश त्रिपाठी नृपेंद्र सिंह भाजपा विस्तारक देवेंद्र जिला उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा अजीत सिंह सुरेश शुक्ला जिला महामंत्री एवं जिला कौशल प्रबंधक आशीष प्रताप सिंह, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुजीत सिंह एवं समस्त कर्मचारियों के सहयोग से रोजगार मेले का औरास में सफल आयोजन किया गया। जिसमें गुजरात प्रांत के बेंगलुरु पुणे व नोएडा की 07 कंपनियों ने प्रतिभाग किया जिसमे क्षेत्र के बेरोजगार युवक व युवतियों के साथ महिलाओं ने भी अपने लिए रोजगार ढूंढ़ा और साथ ही 300 से अधिक कुशल अभ्यथीर्यों के साक्षात्कार के उपस्थित हुए जिसमें से 97 लोगों को उपरोक्त कंपनियों ने चयनित कर 18 अभ्यर्थियों को तत्काल नियुक्ति पत्र प्रदान किया वहीं नियुक्ति पत्र मिलते ही रोजगार के लिए आए अभ्यर्थियों में खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

# प्रधानमंत्री आवास में प्रधानपुत्र ने मांगा रुपिया, बीडीओ से शिकायत

**अमन लेखनी समाचार**

सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील क्षेत्र के एक गाँव से प्रधानपुत्र द्वारा आवास में घूस मांगने की शिकायत प्रार्थी ने खंड विकास अधिकारी सुमेरपुर से की है। खंड विकास अधिकारी ने जांच कर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।मामला विकासखंड सुमेरपुर के अंतर्गत ग्रामसभा मुड़ियनखेड़ा का है जहा की निवासिनी शांति सिंह पत्नी अवनीश कुमार सिंह ने खंड विकास अधिकारी संध्या रानी को हलफनामा देते हुए बताया कि मेरी सास शील कुमारी के नाम से 2023 में प्रधानमंत्री आवास आया था जिसके तहत तीन किस्तों में 120000 रुपए प्राप्त भी हुए । गांव के प्रधान सुरेंद्र पटेल का पुत्र अर्पित पटेल 31 दिसम्बर की रात करीब 8 बजे मेरे घर आया और उसने घूस के तौर पर 20000 मुझे मांगे। मेरे ना देने पर उसने अंजाम भुगतने की चेतावनी भी दी तथा अभद्र भाषा में बातचीत भी की। खंड विकास अधिकारी ने जांच कर उचित कार्यवाही करने की बात कही है। साथ ही घूस मांगने का एक वीडियो भी वायरल हो रहा लेकिन अमनलेखनी समाचार उसकी पुष्टि नही करता। गौरतलब यह है कि शिकायतकर्ता भाजपा पार्टी में वरिष्ठ पदाधिकारी सुमेरपुर महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष है । सरकार द्वारा चलायी जा रहा मोदी गारंटी योजना ईडी वैन में पार्टी द्वारा नामित पदाधिकारी है। वह स्वंम कार्यक्रम के दौरान जनता के बीच जाकर जनता द्वारा घूस न दिए जाने की बात बताती है लेकिन इस मामले से सरकार व पार्टी दोनो की छवि धूमिल होती प्रतीत हो रही।

# बार एसोसिएशन के चुनाव में अध्यक्ष हुए सजीवन सिंह

**अमन लेखनी समाचार**

हसनगंज, उन्नाव। बार एसोसिएशन चुनाव में अध्यक्ष ,कनिष्ठ उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, उपाध्यक्ष ,पदों के लिए वोट डाले गए जिसमें 159 में 151 अधिवक्ताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। वहीं मतदान प्रक्रिया संपन्न होने के तुरन्त बाद वोटो की गिनती की गई।जिसमे अध्यक्ष पद के लिए महेश प्रसाद दीक्षित को 68 और सजीवन सिंह को 82 मत मिले जिसमें 1 मत अवैध घोषित हुआ।अध्यक्ष पद के लिए सजीवन सिंह को 14 मतों से विजयी घोषित किया गया। कोषाध्यक्ष पद के लिए सर्वेश सिंह को 80 व सुशील कुमार को 71 मत मिले। सर्वेश सिंह ने अपने प्रतिद्वंदी सुशील कुमार को 9 मतों से हराया।उपाध्यक्ष पद के लिए सुशील कुमार शर्मा को 75 राजेश कुमार को 76 मत मिले राजेश कुमार 1 वोट से विजयी रहे।उपाध्यक्ष 10 वर्ष से नीचे पद पर विष्णु कुमार को 69 और



शिवम गुप्ता को 81 वोट मिले शिवम गुप्ता ने 12 वोटो से जीत दर्ज की है।वहीं महामंत्री पद पर राजीव कुमार सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद से रामनाथ संयुक्त मंत्री प्रशासन पर महेश कुमार सिंह और

संयुक्त मंत्री प्रकाशन अरुण सिंह चौहान संयुक्त मंत्री पुस्तकालय विनोद कुमार शुक्ला वहीं सदस्यों में आलोक कुमार सिंह व राघवेन्द्र सिंह एवं आदर्श शुक्लाको निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। बार एसोसिएशन चुनाव अधिकारी श्याम किशोर शुक्ला व कौशल कुमार पांडे ने दी वहीं बार एसोसिएशन का चुनाव बार एसोसिएशन के चेयरमैन खुर्शीद इकबाल एडवोकेट की देखरेख में सम्पन्न हुआ।नवनिर्वाचित पदाधिकारी के प्रमाण पत्रों का वितरण शनिवार को होगा।

# ठंड बढ़ने से घरों में दुबके लोग, बाजारों में पसरा सन्नाटा

**अमन लेखनी समाचार**

फतेहपुर, चौरासी उन्नाव। पिछले सोमवार से छाए बादल एवं ठिठुरन के साथ हो रही ठंड से जनजीवन अस्त व्यस्त हो रहा है, नगर एवं ग्रामीण अंचल में भी बाजारों एवं चौहारो पर शाम होते ही सन्नाटा छा गया, आज दोपहर बाद हुई हल्की बूंदा बांदी से ठंड अधिक बढ़ गई। फतेहपुर चौरासी क्षेत्र में लगातार कई दिनों से बादल छाए होने और धूप न निकलने से गलन हो रही है। दोपहर बाद बूंदा बांदी के बाद निकली हल्की धूप के बाद बादल छाने लगा जिससे सूरज छिप गया।ठंड से बचाव हेतु क्षेत्रीय कार्यालयों में कर्मी आग से हाथ सेंकते रहे। सरकारी अस्पताल में भी सन्नाटा छाया रहा, ठंड के कारण मरीज भी अस्पतालों से दूरी बना लिए। बैंक आदि में भीड़ नहीं देखी गई। शाम ढलते ही ठंड का असर बढ़ गया। बाजारों में सामान्य दिनों की अपेक्षा कम भीड़ रही। ठंड के चलते बाजारों में भी भीड़ कम होती जा रही है। फतेहपुर चौरासी एवं ऊगू नगर पंचायत द्वारा विभिन्न चिन्हित स्थानों पर अलाव जलवाए गए हैं जिससे राहगीर एवं व्यवसायियों को आग तापने से ठंड से राहत मिली। मौसम का अगर यही मिजाज रहा था ठंड का असर और भी बढ़ेगा। जिससे आम जनमानस पशु - पक्षी बेहाल होंगे। वहीं चिकित्सको के अनुसार भारी सर्दी से बचाव बेहद जरूरी है. हल्का गुनगुना पानी पीते रहें, घर से बाहर जाते वक्त गर्म कपड़े पहनकर ही निकलें. छोटे-छोटे बच्चों को विशेष तौर पर ध्यान देने की जरूरत है. बढ़ती सर्दी को देखते हुए कृषि क्षेत्र के जानकारों के अनुसार आलू, सरसों, गेहूं व अन्य फसलों को कोहरे से सबसे अधिक नुकसान होता है। बीमारियों का खतरा अधिक बढ़ जाता है इसलिए सर्दी में कोहरे पड़ता तो इसका बचाव जरूर करें। आसपास खेत ने धुआं कर दें।

# भारतीय किसान यूनियन भानु ने आवारा जानवरों व मेमू ट्रेन की समस्या को लेकर दिया ज्ञापन

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। नवाबगंज ब्लाक परिसर में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन भारतीय किसान यूनियन भानु गुट के ब्लाक अध्यक्ष हसीन खान ने किया एक दिवसीय धरना प्रदर्शन पर बहुत से किसान यूनियन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता पहुंचे किसानों मे काफी बुजुर्ग महिलाएं पुरुष भी सामिल हुए लगातार आवारा जानवरों से परेशान होकर ब्लाक अध्यक्ष हसीन खान ने बताया कि खेतों में मचाना बना कर इस भीषण ठंड में खेतों में रह रहे हैं अगर नीद लग गई तो फसल जानवर चर जा रहे हैं इस समस्या का समाधान जल्द किया जाना चाहिए और इसके अलावा मेमू ट्रेनों का संचालन कम कर दिया गया है



जिससे किसानों को बस में सफर करना पड़ता है जो कि महगा है और असुविधा जनक है माननीय पूर्व प्रधान मंत्री अटल बिहारी बाजपेई ने जो सौगात दी थी वह हम से वापस ले ली गई है पूर्व की भांति मेमू ट्रेनों का संचालन किया जाय अन्यथा भारतीय किसान यूनियन भानु का संगठन बड़े स्तर पर धरना प्रदर्शन करने पर बाध्य होगा ।

# नाबालिक से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**अमन लेखनी समाचार**

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बारासगवर पुलिस ने किया पॉस्को व दुष्कर्म के मामले में वांछित चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।।

थाना बारासगवर क्षेत्र के एक गाँव से नाबालिक बच्ची ने अपने साथ दुष्कर्म करने वाले नमन उर्फ बऊवा पुत्र दिनेश कुमार निवासी ग्राम फुरसतखेड़ा के खिलाफ तहरीर थाना बारासगवर में दी थी । जिसके आधार पर बारासगवर थाने के उपनिरीक्षक अरविंद सिंह रघुवंशी व सिपाही गोविंद उपाध्याय ने पास्को एक्ट व दुष्कर्म में वांछित चले रहे अभियुक्त नमन उर्फ बउवा निवासी फुरसतखेड़ा को उसके ही गाँव से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# यज्ञ समापन के बाद मंडी समिति में हुआ विशाल भंडारे का आयोजन

**अमन लेखनी समाचार**

कुरारा, हमीरपुर। यज्ञ समापन अवसर पर मंडी समित में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।जिसमे कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों के लोगो ने हजारों की संख्या में प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में व्यापार मंडल ने सहयोग किया। तथा कस्बा वासियों के सहयोग से भंडारा संपन्न हुआ। जो कि देर रात तक चलता रहा।

# निमार्णाधीन मकान का गिरा छज्जा तीन मजदूर गंभीर रूप से घायल

हसनगंज, उन्नाव। क्षेत्र के मूसेपुर गांव में तीसरे मंजिल छज्जा पर रेलिंग लगाते समय भरभरा कर छज्जा गिरने से मिस्त्री सहित तीन मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए।परिजन घायलों को सीएचसी ले जाया गया जहां से सभी को केजीएमयू लखनऊ रेफर कर दिया गया।क्षेत्र के मूसेपुर गांव में संदीप यादव अपने मकान में तीसरे मंजिल पर पंद्रह दिन पहले छज्जा बनवाया था उसी के नीचे बल्लियां लगी हुई थी। शुक्रवार को गांव के ही मिस्त्री पप्पू, मजदूर कुलदीप, शिव कुमार सहित मकान मालिक संदीप यादव गिर कर गभीर रूप से घायल हो गए।जिन्हे आनन फानन में परिजनो ने सीएचसी ले गए।जहां घायलों की हालत गंभीर देख डाक्टर ने केजीएमयू रेफर कर दिया। सीएचसी प्रभारी प्रमोद कुमार ने बताया कि चार लोग घायल हुए हैं।जिन्हे केजीएमयू रेफर किया गया हैं। कोतवाली प्रभारी राजेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि चार लोग घायल हुए है जिन्हे डॉक्टर ने गंभीर देखते हुए लखनऊ ट्रामा सेन्टर रेफर किया है।

# आकाशीय बिजली गिरने से युवक की मौत

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। मौरावां थाना क्षेत्र के गुलरिहा मजरा भूपखेडा गांव में शुक्रवार दोपहर बारिश के दौरान आकाशीय बिजली की चपेट में आने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया मौरावां थाना क्षेत्र के गुलरिहा के मजरा भूपखेड़ा गांव के रहने वाले शत्रुघ्न कुमार 25 पुत्र स्व० सुरेश कुमार शुक्रवार दोपहर करीब एक बजे गांव के बाहर से लकड़ी काटकर घर जा रहा था। बारिश के दौरान अचानक तेज गरज के साथ आकाशीय बिजली गिर गयी। जिससे शत्रुघ्न उसकी चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलस गया। परिजन जब तक उसे अस्पताल पहुंचाते तब तक उसकी मौत हो गयी।युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक छह भाई बहनों में पांचवें नंबर का था। बेटे की मौत से मां राजकुमारी, भाई व बहन रो-रोकर बेहाल हैं। सूचना पर पहुंचे मौरावां एसओ भुवन सिंह, तहसीलदार तरूण प्रताप सिंह व क्षेत्रीय लेखपाल प्रशांत अवस्थी ने घटना जांच की, उसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# अपने जन्मदिन पर सपा नेता ने सीएचसी में दी सामग्री

**अमन लेखनी समाचार**

सफीपुर, उन्नाव। समाजवादी पार्टी नेता स्वरित चौधरी ने अपने जन्म दिन पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को भेंट सौंपी है। स्वरित ने अस्पताल के प्रसूता वार्ड के सभी बेड के लिए कम्बल और भवन निर्माण के लिए सामग्री दी है। इस मौके पर स्वरित ने कहा है कि समाजवादियों ने हमेशा समाज के उत्थान और उसके हित में काम किया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने राज्य को विकास की पटरी पर दौड़ाया था भाजपा सरकार में गाड़ी अब बेपटरी हो चुकी है। इस मौके पर पूर्व विधनसभा अध्यक्ष संतोष यादव 'फौजी', अमन यादव, बलराम, गोलू, राधे कश्यप, मुलायम सिंह यादव, राहुल, शिवा, मयंक, पंकज आदि मौजूद रहे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा भैसौरा पहुंची योजनाओं का दिया लाभ व संदेश



**अमन लेखनी समाचार**

नवाबगंज, उन्नाव। क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत भैसौरा पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा पर मोहान विधान सभा विधायक बृजेश रावत व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रवि प्रताप सिंह ने पहुंच कर विकसित भारत संकल्प यात्रा में उमड़े जनसैलाब को आभार व्यक्त किया विकसित भारत संकल्प यात्रा में राजस्व विभाग सहकारिता विभाग कृषि विभाग स्वस्थ विभाग खाद्य एवं आपूर्ति ग्राम्य विकास विभाग महिला एवं बाल विकास पुष्टाहार बेसिक शिक्षा सहित अनेक विभागों द्वारा लोगों को लाभ दिया गया वहीं विधायक ब्रजेश रावत व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रवि प्रताप सिंह ने उपस्थित जन समूह एवं किसानों की समस्याओं से अवगत हुए तथा उसका निदान करवाया अन्य समस्याओं का अतिशीघ्र निदान हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया।

# जीएसआईटी टीम ने मृतक के परिजनो के दर्ज किए बयान



**अमन लेखनी समाचार**

हसनगंज, उन्नाव। पुलिस के द्वारा न्याय न मिलने पर पीड़ित के उच्च न्यायालय में गुहार के बाद आई जी एसआईटी टीम के साथ गांव पहुंच कर मृतक युवक के परिजनों के बयान दर्ज कर जांच शुरू की जिससे हसनगंज पुलिस मोहकमे में हडकंप मच गया है

हसनगंज कोतवाली क्षेत्र बक्सी खेड़ा निवासी दीपक 22 पुत्र राम प्रसाद का शव बीते 24 नवंबर को पड़ोस की प्रेमिका के घर के पीछे बरामदे में दुपट्टे के फंदे से लटका मिला था।जिस पर मृतक के पिता राम प्रसाद ने हत्या कर शव लटकाने की तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी।लेकिन कोतवाली पुलिस के द्वारा कोई कार्रवाई न होने पर पीड़ित ने न्याय के लिए सीओ से लेकर एसपी को प्रार्थना पत्र देकर गुहार लगायी थी।लेकिन आला अधिकारियों ने भी ध्यान नही दिया जिसपर पीड़ित ने लखनऊ उच्च न्यायालय में रिट याचिका दायर कर न्याय मांगा।जिसके बाद उच्च न्यायालय ने मामले को गंभीर ता से लेकर जांच रिपोर्ट तलब की थी।जिस पर हसनगंज पुलिस की भूमिका संदिग्ध मिलने पर डीजीपी ने तत्काल एसआईटी टीम गठित कर जांच रिपोर्ट मांगी थी। स्थानीय पुलिस ने मृतक युवक के पिता राम प्रसाद की पुरानी तहरीर पर बुधवार की देर रात मृतक के पड़ोसी प्रेमिका के पिता ,जय प्रकाश व पुत्री के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की। हत्या की रिपोर्ट दर्ज होने के बाद शुक्रवार को आई जी तरूण गाबा तीन सदस्यीय एसआईटी टीम के साथ बक्शी खेड़ा गांव पहुंचकर मृतक परिजनों के बयान एक्ट कर जांच शुरू की।

**रिपोर्ट दर्ज होने पर आरोपियों ने ताला बंद कर भूमि गत हो गये थे जिस पर चौकी इंचार्ज मोहान ने घर का ताला तोड़ कर जांच शुरू की।**

## चिंतन

# ट्रक चालकों की हड़ताल हुई खत्म

सरकार को ट्रक चालकों की हड़ताल खत्म करने के लिए तेजी से कदम उठाना चाहिए। नहीं तो पेट्रोल पंपों पर जहां पेट्रो उत्पादों की किल्लत और बढ़ेगी, वहीं खाद्यान्न व फल सब्जियों की आपूर्ति पर भी असर पड़ेगा। 'हिट एंड रन' (दुर्घटना के बाद मौके से भाग जाना) मामलों से संबंधित नए कानून के खिलाफ ट्रक चालकों की हड़ताल को दो दिन होने पर ही करीब दो हजार से अधिक पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल व डीजल की कमी हो गई है। देश के हजारों पेट्रोल पंपों पर ट्रक से ही पेट्रोल व डीजल पहुंचाए जाते हैं। महाराष्ट्र, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ समेत दस राज्यों में पेट्रोल व डीजल को लेकर अफरा-तफरी मचनी शुरू हो गई है। बड़ी बात यह है कि पेट्रोल व डीजल की बिक्री केंद्र व राज्य सरकार की आय की स्रोत है, ऐसे में आपूर्ति की वजह से अगर पेट्रोल पंपों पर पेट्रो उत्पाद नहीं पहुंचेंगे तो परेशानी कई स्तर पर बढ़ेगी। पेट्रोल व डीजल के लिए मारामारी बढ़ेगी, खाद्यान्न व फल सब्जियों की आपूर्ति प्रभावित होगी, जिससे महंगाई बढ़ेगी। पेट्रो उत्पादों की कम बिक्री से सरकारों के राजस्व पर असर पड़ेगा। भारत में करीब 80 लाख से ज्यादा ट्रक ड्राइवर हैं। ये हर साल 100 अरब किमी से ज्यादा की दूरी तय करते हैं। देश में 60 फीसदी से अधिक आपूर्ति तंत्र ट्रकों पर निर्भर हैं। इसलिए सरकार जितनी जल्दी हड़ताल को समाप्त करने में सफल होगी, परेशानियों उतनी कम होंगी। देश की अर्थव्यवस्था लंबे समय तक ट्रक चालकों की हड़ताल को अफोर्ड नहीं कर सकती है। दरअसल केंद्र सरकार ने गुलामी से मुक्त के प्रयास के तहत आईपीसी, सीआरपीसी और एविडेंस एक्ट कानूनों को संशोधित नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता व भारतीय साक्ष्य कानून बनाए हैं। हालांकि ये कानून अभी लागू नहीं हुए हैं। देशभर में ट्रक और बस ड्राइवर भारतीय न्याय संहिता के हिट एंड रन कानून के प्रावधान में किए बदलाव के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इस नए कानून के तहत अगर लापरवाही या तेज स्पीड से गाड़ी चलाने के कारण दुर्घटना में किसी व्यक्ति की मौत हो जाती है और आरोपी ड्राइवर पुलिस को सूचित किए बिना ही मौके पर फरार हो जाता है तो उसे 10 साल की जेल की सजा काटनी पड़ सकती है या 7 लाख रुपये का जुर्माना देना पड़ सकता है। अगर वह भागता नहीं है तो भी उसे पांच साल की सजा काटनी पड़ सकती है। सबसे खास बात ये है कि दोनों ही मामले गैर-जमानती हैं, पुलिस थाने से जमानत नहीं मिलेगी। इससे पहले कानून काफी नरम था। पुराने हिट एंड रन कानून के मुताबिक, लापरवाही से गाड़ी चलाने के कारण किसी व्यक्ति की मौत हो जाने पर अधिकतम दो साल की सजा का प्रावधान है। यही नहीं, आरोपी ड्राइवर को तुरंत थाने से जमानत भी मिल जाती है। दरअसल, हिट एंड रन मामलों में सजा को 10 साल तक बढ़ाने का नया प्रावधान उच्चतम न्यायालय की टिप्पणी के बाद तैयार किया गया है। उच्चतम न्यायालय ने कई मामलों में कहा है कि जो वाहन चालक सड़क पर लापरवाही से गाड़ी चलाते हैं, दुर्घटना के बाद भाग जाते हैं जिससे किसी की मौत हो जाती है, तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। ट्रक और बस ड्राइवरों की मांग है कि जब तक इन कानूनों को वापस नहीं लिया जाएगा उनकी हड़ताल जारी रहेगी। प्रदर्शनकारियों ने सरकार से नए कानूनों पर एक बार फिर सोच विचार करने की गुजारिश की है। यह हड़ताल जल्द खत्म होनी चाहिए।

## मुद्दा
मनोज कुमार अग्रवाल



# महिला सुरक्षा के दावों पर बीएचयू गैंगरेप दाग

यूपी के वाराणसी में आईआईटी बीएचयू में छात्रा से गैंगरेप करने वाले सभी आरोपियों को अब अरेस्ट कर लिया गया है। करीब 2 महीने बाद इन आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है। दो महीने तक आरोपियों का फरार रहना और भाजपा आईटी सेल से सम्बद्ध होना योगी सरकार के महिला सुरक्षा के दावे को कलंकित कर रहा है, वहीं विपक्षी दलों को सरकार को घेरने का मौका भी दे रहा है। बता दें कि तीनों पर दो महीने पहले एक छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म का आरोप है। एफआईआर के मुताबिक, ये आरोपी बुलेट बाइक से आईआईटी कैंपस में घुसे थे और आधी रात में दोस्त के साथ टहल रही लड़की को बंधक बनाकर गैंगरेप किया था। घटना के दौरान आरोपियों ने वीडियो बनाया था। पुलिस रिपोर्ट के मुताबिक, गिरफ्तार सभी आरोपी वाराणसी के रहने वाले हैं और पुलिस ने इस घटना में इस्तेमाल की गई बुलेट बाइक भी बरामद कर ली है। यूपी के वाराणसी में आईआईटी बीएचयू की छात्रा से गैंगरेप उसी तर्ज पर अंजाम दिया गया, जैसे दिल्ली में निर्भया कांड हुआ था। काशी हिंदू विश्वविद्यालय में पहले भी ऐसी कई घटनाएं हो चुकी हैं। ऐसी घटनाओं के खिलाफ कई बार छात्रों ने आंदोलन भी किया है। इसके बाद भी परिसर की सुरक्षा व्यवस्था बेहद खराब है।

बीएचयू एशिया की बड़ी यूनिवर्सिटी है। उत्तर प्रदेश के नामचीन यूनिवर्सिटी में शुमार होने के बावजूद यहां की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। बीएचयू कैंपस के भीतर आईआईटी की एक छात्रा हॉस्टल में रहती है। एक नवंबर बुधवार की देर रात छात्र पढ़ाई के बाद थोड़ी देर के लिए हॉस्टल के बाहर परिसर में निकली थी। इसी दौरान रास्ते में उसे एक दोस्त मिल गया। दोनों टहलते हुए बाबा विश्वनाथ के मंदिर की तरफ चले गए। इसी बीच बुलेट मोटर साइकिल पर आए तीन लड़कों ने दोनों को रोक लिया। आरोप है कि बदमाशों ने छात्रा के दोस्त को अलग कर मारा पीटा। फिर उसके साथ जबरदस्ती करने की कोशिश की गई। युवक युवती का मुंह दबाकर एक तरफ ले गए। छात्रा के सारे कपड़े उतार दिए। इसके बाद उसका वीडियो बनाया। सनसनीखेज वारदात को अंजाम देने के बाद तीनों छात्रा का मोबाइल फोन लेकर फरार हो गए। जाते-जाते जान से मारने की धमकी भी दे गए। ये सबकुछ 1 व 2 नवंबर बुधवार की देर रात करीब 1:30 बजे की घटना है। उस समय लड़की अपने एक दोस्त के साथ कैंपस में सुनसान एरिया में टहल रही थी। उसी दौरान बाइक सवार तीन युवक वहां पहुंचे थे। आरोप है कि लड़की के साथ गैंगरेप की घिनौनी वारदात को अंजाम दिया गया। किसी तरह लड़की भागते हुए पास के एक प्रोफेसर के घर तक पहुंची थी। उसी दौरान बाइक की आवाज आई तो सुनकर वो डर गई थी। कुछ देर तक छुपी रही फिर वो हिम्मत करके प्रोफेसर के घर तक पहुंची। उन्हें घटना की जानकारी दी। इसके बाद सिक्योरिटी और तमाम अधिकारियों को रात में ही सूचना दी गई। जिसके बाद पुलिस को जानकारी दी गई। अगली सुबह 2 नवंबर को छात्र सड़क पर उतर आए और विरोध करने लगे। इस मामले में लड़की ने मैजिस्ट्रेट के सामने बयान दिया था। जिसके बाद 8 नवंबर की रात में वाराणसी पुलिस ने छेड़छाड़ वाले मामले में गैंगरेप और बंधक बनाने की धारा भी जोड़ ली है। वाराणसी कमिश्नरेट पुलिस ने इस बात की पुष्टि की है। यह वारदात वास्तव में डबल ईंजन की सरकार के रहते बेहद शर्मसार करने वाली है। बीएचयू जैसे शिक्षण संस्थान के परिसर में इस तरह की घिनौनी वारदात को अंजाम दिया जाना घटना की संवेदनशीलता को और अधिक गंभीर व चिंतनीय बनाता है।

यहां यह भी खुले मन से स्वीकार करना होगा कि अपराधी मानसिकता के लोग किसी भी राजनीतिक पार्टी या धार्मिक सामाजिक संस्था के आवरण में भी छिपे हो सकते हैं। किसी दल या संस्था विशेष से जुड़े होना किसी व्यक्तिक इकाई के चरित्र की गारंटी नहीं होता है। यह घटना वास्तव में सरकार के महिला सुरक्षा को लेकर किए गए मिशन शक्ति के चौथे चरण के तमाम प्रयासों पर सवालिया निशान लगाती है

# शहरों की सूरत कब संवरेगी?



विचार
डॉ. संजय शुक्ला

किसी भी देश के मजबूत अर्थव्यवस्था का प्रतिबिंब उसका चमचमाता शहर ही होता है, शहर जहां तरक्की, रचनात्मकता और नवीनता का केंद्र होता है वहीं यह अर्थव्यवस्था में प्रगति और रोजगार का जनक भी होता है। भारत के कुल जीडीपी में शहरों का योगदान 63 फीसदी है। मानव सभ्यता के विकास के साथ ही लोगों के लिए महानगरीय और शहरी जीवनशैली हमेशा से आकर्षण का केंद्र रहा है लेकिन अब हमारे शहर तमाम विसंगतियों से जूझ रहे हैं। बीते मानसून में महज कुछ घंटों की बारिश ने महानगरों और बड़े शहरों के सीवरेज सिस्टम और आपदा प्रबंधन की पोल खोल कर रख दिया था। देश के शहरों में बारिश के दौरान ट्रैफिक जाम,जलभराव, जमीन धसकने और बिजली करंट फैलने जैसी घटनाएं अब आम हो चुकी है। मानसून के बाद हर साल सर्दियों में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली-एनसीआर सहित अन्य बड़े शहर वायु प्रदूषण के चपेट में आ जाते हैं। दिल्ली तो 'गैस चैंबर' के रूप में तब्दील हो जाता है फलस्वरूप वहां हर साल सर्दियों में 'हेल्थ इमरजेंसी' लगानी पड़ती है। अमूमन सभी महानगरों और औद्योगिक शहरों में हवा की गुणवत्ता यानि 'एक्यूआई' गंभीर स्तर पर पहुंच जाती है। दिल्ली की प्रदूषण के लिए तो सुप्रीम कोर्ट सरकारों को फटकार लगाते -लगाते थक चूकी है लेकिन हालात ज्यों कि त्यों ही बनी हुई है।

अलबत्ता यह कहना गैर मुनासिब नहीं होगा कि अनियोजित विकास और जनसंख्या के बढ़ते दबाव के चलते हमारे शहर हांफने लगे हैं। ज्ञातव्य है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली केंद्र सरकार ने शहरों की शक्ल- सूरत और सीरत संवारने के लिए साल 2015 में देश में 'स्मार्ट सिटी मिशन' का आगाज किया था। योजना के तहत पांच चरणों के बाद चुने गए 100 शहरों के बुनियादी ढांचे में सुधार के साथ इन शहरों में आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करने का लक्ष्य रखा गया है।स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत शहरी जनजीवन के गुणवत्ता में सुधार,सुरक्षा और संचार प्रौद्योगिकी का विकास, गुणवत्ता पूर्ण स्वास्थ्य और पेयजल व्यवस्था की सुनिश्चितता और जनभागीदारी से सरकारी कामकाज में सुधार जैसे उद्देश्य भी निर्धारित किए गए हैं। छत्तीसगढ़ के राजधानी रायपुर, नवा रायपुर और न्यायधानी बिलासपुर को इस मिशन के लिए चुना गया है। मध्यप्रदेश में भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन, सागर और सतना को इस योजना में सम्मिलित किया गया है।ओडिशा में भुवनेश्वर और राउरकेला को इस योजना में शामिल किया गया है। इंदौर और भुवनेश्वर देश के शीर्ष 8 स्मार्ट सिटी में शामिल है जिसकी गिनती दुनिया के टॉप स्मार्ट सिटीज़ में होती है। अलबत्ता रायपुर और बिलासपुर अभी भी स्मार्ट सिटी के लक्ष्य और मानकों से कोसों दूर है तथा इनकी पहचान गड्ढों और धूल की बन चुकी है जिसका खामियाजा शहरवासियों को चुकाना पड़ रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य गठन बाद विकसित किए जा रहे नवा रायपुर में सरकार ने अधोभूत संरचना और अन्य सुविधाओं के विकास के लिए तमाम जतन किए हैं बावजूद इस स्मार्ट सिटी के सड़कों और चौराहों पर मवेशियों का जमावड़ा इसके साख पर पलीता लगा रहे हैं। इसके अलावा अधिकांश शहरों में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट की पुख्ता व्यवस्था अभी तक सुनिश्चित नहीं हो पायी है फलस्वरूप कचरों का पहाड़ जनस्वास्थ्य के साथ पर्यावरण के लिए भी नुकसानदेह साबित हो रहा है।



देश के चुनिंदा शहरों को छोड़ दें तो अधिकांश शहर साफ पेयजल, आवास, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए जूझ रहे हैं। सरकारी तंत्र की लालफीताशाही के चलते मोदी सरकार की शहरों को स्मार्ट बनाने की महत्वाकांक्षी योजना कछुआ चाल से चल रही है। इस योजना में भ्रष्टाचार, फिजूलखर्ची और गुणवत्ताहीन निर्माण कार्यों की खबरें जनता के अरमानों पर लगातार पानी फेर रही है। शहरों की स्थिति देखने के बाद रहवासी यही उलाहना दे रहे हैं कि गोया स्मार्ट सिटी की बात छोड़िए इन्हें रहने लायक ही बना दीजिए। भारतीय शहरों की प्रमुख समस्या यातायात और पार्किंग, नाकाम पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम, वाहनों की बढ़ती संख्या, झुग्गी और मलिन बस्तियां, बढ़ता पर्यावरण प्रदूषण, अतिक्रमण, बिजली आपूर्ति,अवारा मवेशियों का जमावड़ा, लचर सीवरेज सिस्टम और वेस्ट मैनेजमेंट, बढ़ती आर्थिक असमानता और अपराध है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक दुनिया के 20 सबसे प्रदूषित शहरों में भारत के 14 शहर शामिल हैं। स्विस कंपनी आईक्यू एयर के शोध के मुताबिक विश्व के टॉप 100 प्रदूषित शहरों में से 65 भारतीय शहर हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन 'डबल्यूएचओ' के मुताबिक भारत के 60 फीसदी शहरों में प्रदूषण का स्तर डब्ल्यूएचओ के मानक से सात गुना ज्यादा है।

दरअसल पर्यावरण प्रदूषण ने शहरी नागरिकों का जीना मुहाल कर दिया है जिसके लिए शासन, नगरीय प्रशासन और नागरिक भी जवाबदेह हैं। आम भारतीय शहर वायु,जल और ध्वनि प्रदूषण के गिरफ्त में है जिसका असर जनस्वास्थ्य पर पड़ रहा है। शहरों में चूल्हे या सिगड़ियों, वाहनों और उद्योगों से निकलने वाले धुंआ और अधोभूत संरचना विकास तथा निर्माण कार्यों से उठने वाली धूल पर्यावरण कानूनों को धता बता रही है।कार्बनयुक्त धुंआ और धूल से एक बड़ी आबादी श्वसन तंत्र से लेकर एलर्जी, चर्मरोग और कैंसर जैसे गंभीर बीमारियों का सामना कर रही है। सीवरेज सिस्टम की नाकामी के चलते औद्योगिक अपशिष्ट और नालियों का पानी प्राकृतिक जल स्त्रोतों में मिल रहे हैं जिससे पेयजल प्रदूषित हो रहे हैं। दूषित पानी से शहरों में पीलिया,आंत्रशोथ, टायफाइड सहित अनेक रोगों के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। पुख्ता ड्रेनेज के अभाव और साफ- सफाई की माकूल व्यवस्था नहीं होने के कारण हर साल शहरवासी डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसे मच्छर जनित रोगों का शिकार हो रहे हैं। शहरों में कल-कारखानों और व्यक्तिगत वाहनों की संख्या में इजाफा होने के कारण ध्वनि प्रदूषण जनस्वास्थ्य के लिए खतरा बने हुए हैं। व्यवसायिक प्रतिष्ठानों, दफ्तरों और घरों में एयरकंडीशनर के बढ़ते उपयोग तथा पेड़ों के अंधाधुंध कटाई के कारण शहरों के तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। यह अतिश्योक्ति नहीं होगी कि देश के शहर ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन के लिए मुख्य रूप से जवाबदेह हैं।

गौरतलब है कि आर्थिक उदारीकरण और ग्रामीण विकास की अनदेखी के कारण भारत में शहरीकरण और औद्योगिकीकरण की रफ्तार काफी तेज हुई है। रोजगार की तलाश में लोगों का गांवों से शहरों की ओर पलायन बढ़ा है। भारत शहरीकरण के मामले में विश्व का दूसरा बड़ा देश है जहां 5000 से ज्यादा बड़े और छोटे शहर हैं। इनमें 10 लाख से ज्यादा आबादी वाले 53 शहर हैं जिसके साल 2030 तक 70 तक पहुंचने की संभावना है।

हर नागरिक को खुली हवा में सांस और सुरक्षित जीवन जीने का मौलिक अधिकार प्राप्त है लेकिन शहरों की दुर्दशा के लिए जितना जिम्मेदार सरकारी तंत्र है उतना ही जवाबदेह आम नागरिक भी हैं।शहरों को स्मार्ट बनाने की होड़ में जिम्मेदार लोग अनेक अव्यवहारिक और अदूरदर्शिता पूर्ण फैसला भी ले रहे हैं।छत्तीसगढ़ के प्रमुख शहरों में वहां के नगरीय प्रशासन द्वारा सड़कों के निर्माण,सौंदर्यीकरण अथवा व्यवसायिक गतिविधियों के संचालन के उद्देश्य से नदियों और तालाबों के वाटर बॉडी को पाटा जा रहा है। नदियों और तालाबों के तटों के कांक्रीटीकरण करने, चौपाटी लगाने और बोटिंग जैसी योजनाओं के चलते इनके जलस्त्रोतों के रिचार्ज क्षमता को घट रही है वहीं फूड स्टालों के सड़े-गले अपशिष्टों की वजह से उनका इकोसिस्टम भी प्रभावित हो रहा है। इसके अलावा शहरों के उद्यानों अथवा शैक्षणिक संस्थानों के परिसर में व्यवसायिक गतिविधियों के संचालन से वहां का मौलिक उद्देश्य प्रभावित हो रहा है। लिहाजा शहर के नीति निर्धारकों को नदियों, तालाबों,उद्यानों, शिक्षण संस्थानों और खेलकूद मैदानों के व्यवसायिक उपयोग से बचना चाहिए। गौरतलब है कि नेशनल ग्रीन ट्राइब्यूनल के प्रावधान के अनुसार निर्माण कार्यों के दौरान धूलजनित प्रदूषण के रोकथाम हेतु पानी का नियमित समयांतराल में छिड़काव तथा निर्माण स्थलों पर ग्रीन नेट लगाना अनिवार्य है लेकिन सरकारी और निजी दोनों ही क्षेत्रों के लोग इसका उल्लंघन कर रहे हैं।दूसरी ओर नागरिकों में शहरों के प्रति स्वानुशासन की भी काफी न्यूनता दृष्टिगोचर हो रही है जिसका अदद उदाहरण सिंगल यूज़ प्लास्टिक का धड़ल्ले से इस्तेमाल है जबकि सरकार और स्थानीय प्रशासन ने इसे पर्यावरण के लिहाज से प्रतिबंधित किया है। चूंकि शहरों की साफ सुथरा और प्रदूषण मुक्त रखना नागरिक जवाबदेही भी है लिहाजा शहरवासियों को सिंगल यूज़ प्लास्टिक के उपयोग पर पाबंदी,कचरा प्रबंधन,जल और वृक्ष संरक्षण, अधिकाधिक पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम के उपयोग तथा निजी वाहनों के फिटनेस जांच जैसे जवाबदारियों के प्रति आत्मानुशासित होना होगा तभी हमारे शहर रहने लायक बनेंगे।

## हम जो भी करेंगे वह कर्म है



संकलित
दर्शन

'इगोसेंट्रिक' कर्म को वे कर्म कहते हैं। ऐसे कर्म को, जिसमें कर्ता मौजूद है। जिसमें कर्ता यह विचार करके ही कर रहा है कि करने वाला मैं हूं। जब तक मैं करने वाला हूं, तब तक हम जो भी करेंगे, वह कर्म है। अगर मैं संन्यास ले रहा हूं, तो संन्यास एक कर्म हो गया। अगर मैं त्याग कर रहा हूं, तो त्याग एक कर्म हो गया। अकर्म का मतलब ठीक उलटा है। अकर्म का मतलब है ऐसा कर्म, जिसमें कर्ता नहीं है। जिसमें मैं कर रहा हूं, ऐसा कोई बिंदु नहीं है। ऐसा कोई केंद्र नहीं है, जहां से यह भाव उठता है कि मैं कर रहा हूं। अगर मैं कर रहा हूं, यह खो जाए, तो सभी कर्म अकर्म है। कर्ता खो जाए तो सभी कर्म अकर्म है। इसलिए कृष्ण का कोई कर्म, कर्म नहीं है, सभी अकर्म हैं। कर्म और अकर्म के बीच में विकर्म की जगह है। विकर्म का अर्थ है, विशेष कर्म। विशेष कर्म किसे कहते हैं कृष्ण? जहां न कर्ता है, और न कर्म। फिर भी चीजें तो होंगी। फिर भी चीजें तो होंगी ही। आदमी श्वास तो लेगा ही। न कर्म है, न कर्ता है। श्वास तो लेगा ही। श्वास कर्म तो है ही। खून तो गति करेगा ही शरीर में। भोजन तो पचेगा ही। ये कहां पड़ेंगे? ये विकर्म हैं। ये मध्य में हैं। यहां न कर्ता है, न कर्म है। साधारण मनुष्य कर्म में है, संन्यासी अकर्म में है, परमात्मा विकर्म में है। वहां न कोई कर्ता है, न कोई कर्म है। वहां चीजें ऐसी ही हो रही हैं, जैसे श्वास चलती है। वहां चीजें बस हो रही हैं। यह कर्म योग का तत्व है । जो विकर्म को समझ लेगा, वह अकर्म में उतर जाएगा। *-वैष्णवाचार्य अभिषेक गोस्वामी (आध्यात्मिक गुरु)।*

## बिना लड़ाई किए धैर्य से भी जीता जा सकता है



संकलित
प्रेरणा

महाभारत में युधिष्ठिर को चक्रवती सम्राट बनाने के लिए राजसूय यज्ञ किया गया था। इसके लिए सभी राजाओं पर जीत हासिल करनी थी। इस काम के लिए अर्जुन ने विजय यात्रा शुरू कर दी। जहां-जहां अर्जुन जा रहे थे, वहां के राजाओं को पराजित करते हुए आगे बढ़ रहे थे। जो राजा अर्जुन की सेवा स्वीकार कर रहे थे, अर्जुन उन पर कर लगाकर आगे बढ़ रहे थे। इस यात्रा के दौरान अर्जुन कुरु नाम के राज्य में पहुंचे। अर्जुन पहुंचे तो कुरु राज्य के द्वारपाल और लोगों ने अर्जुन से कहा कि आप इस नगर को युद्ध करके जीत नहीं सकते, क्योंकि जो व्यक्ति इस नगर में युद्ध के लिए प्रवेश करता है, उसकी मृत्यु हो जाती है। ऐसा इस राज्य को वरदान मिला हुआ है। अर्जुन ने सोच-विचार करके कहा कि ठीक है, मैं यहां युद्ध नहीं करूंगा। अर्जुन की बात सुनकर लोगों ने कहा कि युद्ध के अलावा अगर आपकी कोई इच्छा है तो वह पूरी हो सकती है। अर्जुन ने कहा कि मैं हमारे भाई युधिष्ठिर को चक्रवर्ती सम्राट बनाना चाहता हूं। मुझे आपसे युद्ध नहीं करना है। आप बस मुझे कर के रूप में थोड़ा सा धन दे दीजिए। ये धन लेकर मैं लौट जाऊंगा। लोगों ने अर्जुन की बात मानकर थोड़ा सा धन दे दिया। धन लेकर अर्जुन दूसरे राज्य की ओर बढ़ गए। अर्जुन ने संदेश दिया है कि हर शत्रु को युद्ध करके पराजित नहीं किया जा सकता है, कुछ शत्रुओं के सामने बुद्धि और धैर्य का उपयोग करना चाहिए। बुद्धि का उपयोग करते हुए भी शत्रुओं की हराया जा सकता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### नववर्ष सभी के लिए खुशियां लेकर आए

नववर्ष सभी के लिए खुशियां लेकर आएसंचार के आधुनिक साधनों, विशेषकर सोशल मीडिया का प्रयोग होने लगा है। मैं ईश्वर से प्रार्थना करना चाहूंगा कि यह वर्ष सभी भारतीयों के लिए खुशियां लेकर आए। पूरे विश्व सहित भारत में भी शांति कायम रहनी चाहिए। बचा-खुचा आतंकवाद जो कायम है, वह भी खत्म होना चाहिए। इजरायल-फिलिस्तीन और रूस-यूक्रेन के बीच जो लड़ाइयां चल रही हैं, वे भी नए साल में खत्म हो जानी चाहिएं। शांति, खुशहाली व समृद्धि की कामना के साथ नए साल की बधाइयां। *-सोहन देवांगन, दुर्ग*

## ट्रेंड

### विरासत से मेल



त्रिची एयरपोर्ट पर नई इंटीग्रेटेड टर्मिनल बिल्डिंग का खूबसूरत इंटीरियर दक्षिणी भारत की समृद्ध विरासत से मेल खाता है। टर्मिनल जीवंत संस्कृति को प्रतिबिंबित करता है और इसका उद्देश्य आर्थिक विकास के लिए नए रास्ते खोलना है।
-ज्योतिरादित्य सिंधिया, केंद्रीय मंत्री

### किताबों से दोस्ती



बहन और भाइयों बैग की किताबों से प्यार कर लेना, इनसे दोस्ती कर लेना मैं दावे के साथ कहती हूँ ये किताबें आपकी दशा और दिशा बदलने का काम करेगी। किताबें इंसान की सबसे अच्छी दोस्त होती हैं। आप भ्झी इन से दोस्ती कर लो।
-अनीता कुंडू, पर्वतारोही

### विकसित हो रहे हम



भारत की अर्थव्यवस्था आगे बढ़ रही है। हम मुख्य रूप से सेवा-उन्मुख मॉडल से विनिर्माण पावरहाउस बनने की दिशा में कदम बढ़ा रहे हैं। हम 'सेवा के रूप में विनिर्माण' के वैश्विक केंद्र के रूप में विकसित हो रहे हैं।
-स्वामीनाथन पद्मनाभन, उद्योगपति

### सिर पर पूंछ



तमिलनाडु का सुचिंदरम अंजेनेयर मंदिर में हनुमान जी की पूंछ उनके सिर पर है। हनुमान जी के इस मंदिर के इतिहास की कहानी आपको अचम्भित भी करेगी। आप इस मंदिर में हनुमानजी की मूर्ति देखने के लिए श्रद्धालु भाव से भी जाएंगे।
-अनुपम खेर, अभिनेता

## करंट अफेयर

### रूस ने यूक्रेन के दो बड़े शहरों को किया ध्वस्त

रूस ने यूक्रेन के दो सबसे बड़े शहरों पर मंगलवार को मिसाइलों से हमला किया जिनमें एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि दर्जनों लोग घायल हुए हैं। खारकीव क्षेत्र के गवर्नर ओलेह सिनहुबोव ने बताया कि रूस ने मिसाइलों से खारकीव शहर के मुख्य हिस्से और अन्य इलाकों को निशाना बनाया जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि 41 लोग घायल हो गए। यूक्रेन की राजधानी कीव के महापौर विताली क्लीस्चको ने बताया कि शहर के कम से कम पांच इलाकों को मिसाइलों से निशाना बनाया गया जिनमें कम से कम 12 लोग घायल हो गए। यूक्रेन ने शुक्रवार से अपने हमले तेज कर दिए हैं और लगातार यूक्रेन के शहरों को निशाना बना रहा है।



## ऑफ बीट

### शंघाई पर समुद्र में डूबने का बढ़ा खतरा

चीन का सबसे विकसित और अमीर शहर शंघाई पिछले कम से कम 100 साल से भूमि अवतलन की समस्या से जूझ रहा है। यह चीन के उन शुरुआती शहरों में से एक हैं, जिनमें गंभीर स्तर पर भू-अवतलन हो रहा है। शंघाई में 1921 से 2007 के बीच 22.94 मिमी प्रति वर्ष की औसत दर से भूमि अवतलन हुआ। बहरहाल, भू-अवतलन की यह दर 2010 में स्थिर हो गई, लेकिन वैश्विक तापमाना में वृद्धि की वजह से समुद्र के बढ़ते जलस्तर ने दो करोड़ 40 लाख की आबादी वाले शहर के लिए नया खतरा पैदा कर दिया है।



## संक्षेप

### रेलवे लाइन पार कर रहे युवक की ट्रेन की चपेट से हुई मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। रेलवे ट्रैक पार कर रहे युवक की ट्रेन की चपेट में आकर मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी।सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।अचलगंज थाना क्षेत्र के अमरसस गांव निवासी 45 वर्षीय राजेन्द्र पुत्र गुरुदीन शुक्रवार की भोर पहर नास्ते के लिए कोरारी बाजार से ब्रेड लेकर वापस घर जा रहा था अभी वह कोरारी स्टेशन निकट उन्नाव रायबरेली रेलवे ट्रेक पार कर रहा था अचानक ट्रेन आ जाने से उसकी चपेट में आकर मौत हो गयी। सूचना पर अचलगंज थाना व जीआरपी पुलिस मौके पर पहुँच शव का पंचनामा भरकर पोस्ट मार्टम को भेजा है। म्रतक राजेन्द्र की पत्नी सोनी के अलावा दो बेटे व एक अविवाहित बेटी है वह अचलगज स्थित एक ईंट भट्ठे में ट्रैक्टर चला कर परिवार का भरण पोषण करता था।

### फांसी लगाकर महिला ने की अपनी जीवन लीला समाप्त

उन्नाव। पुरवा कोतवाली क्षेत्र के बिछिया गांव में गुरुवार रात महिला ने घर के कमरे में पंखे से फांसी लगाकर जान दे दी। महिला की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शुक्रवार दोपहर बाद शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने परिजनों को सौंप दिया। शव घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मचा रहा। पुरवा कोतवाली क्षेत्र के बिछिया गांव के रहने वाले शिवप्रसाद की 46 वर्षीय पत्नी गुडडी देवी ने गुरुवार रात मानसिक बीमारी से परेशान होकर घर के कमरे में लगे पंखे में साड़ी से फांसी लगाकर जान दे दी। घटना के वक्त पति शिवप्रसाद खेत में खड़ी फसल की रखवाली करने गया था। जहां से देर रात घर पहुंचा तो पत्नी को फंदे पर लटका देख उसके मुंह से चीख निकल गई। चीख सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों की भीड एकत्र हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा हैं। पति शिवप्रसाद ने बताया कि पहली पत्नी की मौत हो गई थी। जिस पर गुडडी से दूसरी शादी की थी। गुडडी से कोई संतान ना होने से वह मानसिक रूप से परेशान रहती थी। जिससे परेशान होकर यह कदम उठा लिया।एसएसआई राजेश यादव ने बताया कि स्वजन ने आत्महत्या की तहरीर दी हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### हमीरपुर में किसान का शव उसके ही घर में मिला

हमीरपुर, हमीरपुर जिले के बिवांर थाना क्षेत्र में आज एक अधेड़ का शव उसके ही घर में मिला है। जिसकी सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची थी, जिसने खुद भी जांच करते हुए डॉग स्क्वैड और फोरेंसिक टीम से इसकी जांच कराई है

# लोगो की जान बचाने वाले पत्रकार का हुआ सम्मान

**सम्मान का श्रेय पत्रकार ने मीडियाकर्मियों को दिया**

**सामाजिक संस्था सदभावना के पदाधिकारियों ने कार्यालय पहुंचकर किया सम्मानित**

अमन लेखनी समाचार



बाबागंज, बहराइच। अपनी जान दांव पर लगाकर बेजुबान के साथ कई लोगों की जान बचाने की बहादुरी दिखाने वाले दैनिक जागरण संवाददाता संतोष श्रीवास्तव को सामाजिक संस्था सद्भावना ने सम्मानित किया। अपने सम्मान का श्रेय संवाददाता ने उन सभी मीडियाकर्मियों को दिया जिन्होंने उन्हें इसके लायक बनाया है। 26 दिसंबर को नगर कोतवाली इलाके के जोशियापुरा मुहल्ले में खाना बनाने के दौरान सोनू के घर मे रहने वाले किराएदार के घर गैस सिलिंडर में आग लग गई थी। जान जोखिम में देख आसपास के लोगों में अफरातफरी का माहौल हो गया था। सिलेंडर में विस्फोट के डर से लोग दहशतजदा थे। सूचना के बाद भी दमकलकर्मी मौके पर नहीं पहुंचे थे। जानकारी पाकर समाचार कवरेज के लिए पहुंचे दैनिक जागरण संवाददाता संतोष श्रीवास्तव ने साहस का परिचय देते हुए पहले लोगों को वहां से दूर हटाया। इसके बाद सिलेंडर को सुरक्षित घर से बाहर लेकर आए। जान जोखिम में डालकर अपनी सूझबूझ से किसी तरह सिलेंडर में लगी आग को बुझाया। लोगों को लगा की आग बुझाने वाला युवक दमकल कर्मी है, लेकिन जब उन्हें पता चला की जान जोखिम में डालकर लोगों की जान बचाने वाला दैनिक जागरण का संवाददाता है तो उन्होंने उसकी जमकर तारीफ की। इससे पहले भी संतोष ने सरस्वती नगर मुहल्ले में कई दिनों से 12 फुट गहरे टैंक में गिरे बेजुबान कुत्ते को रेस्क्यू कर बचाया था।संवाददाता की बहादुरी को देखते हुए देवीपाटन मंडल में श्रमिकों के हित में काम करने वाली सामाजिक संस्था सद्भावना के अध्यक्ष योगेंद्र मणि त्रिपाठी के नेतृत्व में समय माता मंदिर के महंत नारायण मुनि , संस्था के चितौरा ब्लाक अध्यक्ष अनिल लोधी, रिसिया के प्रमोद यादव, शहर प्रभारी केशव राम आर्य, मीडिया प्रभारी खजांची यादव, मिहींपुरवा के पवन यादव व अन्य पदाधिकारियो की टीम ने गुरुवार को दैनिक जागरण कार्यालय पहुंची। टीम के लोगों ने दूसरों के लिए जान जोखिम में डालने वाले बहादुर संवाददाता फूलों की दलिया, शाल व नकद पुरस्कार से सम्मानित किया।जिलाध्यक्ष ने कहा कि युवा संवाददाता से और लोगों को भी प्रेरणा लेनी चाहिए। जिससे कि मुसीबत में फसने वालों की जान बचाई जा सके। सम्मान के दौरान दैनिक जागरण के जिला प्रभारी श्री मुकेश पांडेय, जिला विज्ञापन प्रभारी माजुलहक, खेल संवाददाता अटल सिंह, वरिष्ठ रिपोर्टर हनी साहू, कार्यालय सहायक निरंजन कुमार समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# टेंडवा अल्पीमिस्र में आयोजित हुई विकसित भारत संकल्प यात्रा

**सरकारी योजनाओं की दी गई जानकारी**

**ग्राम प्रधान के कार्यो को अधिकारियों ने सराहा**

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। सरकार की योजनाओं को गिनाकर जन सामान्य में जागरूकता बढ़ाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा शुक्रवार को फखरपुर ब्लॉक के टेंडवा अल्पीमिस्त्र गांव पहुंची। गांवों मे चौपाल मेला आयोजित कर योजनाओं की जानकारी दी गई।लाभार्थियों को किसान सम्मान निधि पात्र को, आवास चाभी, आवास स्वीकृति पत्र शौंचालय पत्र वितरित किया। एलईडी वैन के माध्यम से ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की दी जानकारी। एडीओ पंचायत धुर्व कुमार पांडेय द्वारा चयनित गांव टेंडवा अल्पीमिस्त्र मे एलईडी के माध्यम से सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार कर केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं से ग्रामीणों को लाभान्वित किया गया व महिलाओं की गोदभराई भी की गई।विधानसभा संयोजक गौरव वर्मा ने कहा कि देश विकास की तरफ बढ रहा है। सामान विकास को रफ्तार दी जा रही है यह भजपा सरकार में ही सम्भव हो सकता है। पंचायती राज विभाग,भारत गैस,उज्वला योजना,कृषी विभाग स्वाथ्य विभाग, खाद एवं रसद विभाग,शिक्षा विभाग के साथ बैंक मैनेजर सुख लाल आर्यव्रत, अनूप कुमार वर्मा इंडियन बैंक के अधिकारी कर्मचारियों ने ग्रामीणों की समस्या सुनी और उसका निस्तारण कराया। इस मौके पर इस मौके पर मुख्य अतिथि गौरव वर्मा एडीओ पंचायत ध्रुव कुमार पांडे सेक्रेटरी आशीष यादव मंडल अध्यक्ष मनोज पांडे हृदय राम गुप्ता ग्राम प्रधान प्रतिनिधि उदय राज वर्मा प्रताप जायसवाल दयाशंकर चौधरी,तिलक राम साहू विजय कुमार पाठक रामगोपाल गौड़ शिक्षक शिवकुमार चौधरी मनोज कुमार, वेदप्रकाश पाठक समेत स्वास्थ्य विभाग से आशा बहु,व डॉक्टर,आँगनबाड़ी सहायिका आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

# गांव गांव तक पहुंचा श्री राम मंदिर पूजित अक्षत



अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। 22 जनवरी 2024 में समस्त विश्व के आराध्य मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरे देश में गांव-गांव, मोहल्ले, मोहल्ले के सभी राम भक्तों में उत्साह है। 1 जनवरी से 14 जनवरी के बीच में पूजित अक्षत, राममंदिर चित्र व राममंदिर पत्रक हर गांव गांव के राम भक्तो में वितरण किया जाएगा। इसी क्रम मे कल्याणपुर न्याय पंचायत के भैरवनाथ मंदिर के समस्त पदाधिकारियों द्वारा हर एक गांव में घूम-घूम कर लोगों तक श्री राम मंदिर चित्र एवं पूजित अक्षत वितरण किया गया और 26 जनवरी के बाद पूजित अक्षत को लेकर अयोध्या धाम जाने का आग्रह किया गया। इस मौके पर प्रचारक सर्वेश, अरुण पाठक, भैरवनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष कमलनयन साहू, प्रबंधक सुनील त्रिपाठी, भाजपा बूथ अध्यक्ष सत्य प्रकाश पाण्डेय, कौशलेंद्र पाण्डेय आदि लोग शामिल रहे।

# आक्रोश: सड़क निर्माण में अनियमित को लेकर ग्रामीणों का प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार



रूपईडीहा, बहराइच।नगर पंचायत रुपईडीहा के पचपकड़ी वार्ड में नई सीसी सड़क का निर्माण हो रहा है। सड़क कम चौड़ी और मानक विहीन बनने के कारण ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया है। ग्रामीणों का कहना है कि हमारे यहां पहले चौड़ी डामर की समतल सड़क बनी हुई थी। नए निर्माण में सड़क को कम चौड़ा करके ऊंचा बनाया जा रहा है और इसमें बहुत सी अनियमितताएं की जा रही हैं। सड़क इतनी कम चौड़ी है की कोई भी गाड़ी एक समय में एक दूसरे को क्रॉस नहीं कर सकती। जिससे आवागमन बाधित होगा और सड़क टूटने और लोगों को चोट खाने की आशंका है। इसी मांग को लेकर स्थानीय वासियों ने एकत्रित होकर विरोध प्रदर्शन किया। उनका कहना है की सड़क को पहले की तरह चौड़ा किया जाए जिसे आसानी से दोनों तरफ से गाड़ियों का आवागमन किया जा सके। ग्रामीणों का कहना है की सड़क बनाने में अनियमित भी की जा रही है। जिसकी जांच भी होनी चाहिए। इस संबंध में बूथ अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी राजकुमार वर्मा ने बताया कि अब हमारा गांव नगर पंचायत में सम्मिलित हो गया है फिर भी इतनी कम चौड़ी सड़क क्यों बनाई जा रही है यह समझ से परे हैं क्योंकि पहले सड़क समतल थी इसलिए आवागमन में दिक्कत नहीं होती थी लेकिन अभी सड़क को ऊंचा कर दिया गया है जिससे आम लोगों के चोटिल होने की भी संभावना है।हम लोगों की मांग है की सड़क को चौड़ा कर मानक अनुरूप बनाया जाए। विरोध प्रदर्शन करने वालों में स्थानीय पचपकरी गांव निवासी गोपीचंद, दादू प्रसाद, राजेश सिंह, हरिहर कश्यप, शिवकुमार, गोपाल, मैकू लाल, ब्रह्म प्रसाद, रामसागर, दुर्गेश, मिलन यादव, हंसराज, कंछेद, विजय, महेश, वीरेंद्र, राजकुमार वर्मा, सीताराम, शोभाराम, रामदीन, अमेरिका प्रसाद, रामनरेश, बाबूलाल सहित सैकड़ो लोगों ने रोड की चौड़ाई बढ़ाकर अच्छे से सड़क बनाने की मांग की है।

### इस बारे में क्या कहते हैं नगर पंचायत अध्यक्ष

इस संबंध में जब नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ उमाशंकर वैश्य से पूछा गया तो उन्होंने बताया की रोड बन रही है लेकिन मुझे इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। मेरे नगर पंचायत क्षेत्र में निर्माण कार्य हो जाता है और मुझे पता ही नहीं चलता यह किसी भी हाल में ठीक बात नहीं है।उन्होंने कहा कि इस संबंध में मैंने कई बार उच्च अधिकारियों को अवगत कराया है लेकिन मुझे बगैर जानकारी दिए मेरे नगर पंचायत में कार्य कर दिया जाता है और मुझे नहीं बताया जाता ये बहुत ही निंदनीय है।

# आंगनबाड़ी को समय से खाद्यान्न उपलब्ध नहीं कराती समूह अध्यक्ष

**बाल पोषाहार का समय से नहीं हो पाता वितरण**

बहराइच। विकासखंड नवाबगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत शिवपुर मोहरनिया के ग्रामीणों ने बाल पोषाहार उठान का कार्य ग्राम पंचायत के दूसरे समूह को दिलाए जाने की मांग की है। ग्राम प्रधान प्रीति वर्मा के नेतृत्व में ग्रामीण सुल्तान, कोइली, राकेश कुमार, मोबिन, गीता देवी, फूलमती आदि ने खंड विकास अधिकारी नवाबगंज को दिये प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया कि ग्राम पंचायत शिवपुर मोहरनिया में दुर्गा स्वयं सहायता समूह बना हुआ है। इसकी अध्यक्ष रूबी देवी हैं। आंगनबाड़ी का बाल पोषाहार खाद्यान्न वितरण हेतु ब्लॉक से रूबी देवी उठाती हैं लेकिन समय से उक्त खाद्यान्न को आंगनबाड़ी पर उपलब्ध नहीं कराती जिसकी वजह से बाल पोषाहार खाद्यान्न का वितरण समय से ग्राम पंचायत में नहीं हो पाता जिस कारण धात्री व गर्भवती महिलाओं मे पोषाहार का वितरण समय से नहीं हो पा रहा। विगत तीन महीने से वितरण मे अनियमितता की जा रही है।इसके अलावा ग्रामीणों ने समूह अध्यक्ष पर खाद्यान्न की कालाबाजारी का भी आरोप लगाया है।इससे आक्रोशित ग्रामीणों ने प्रधान के नेतृत्व मे बीडीओ नवाबगंज को दिए प्रार्थना पत्र में बाल पोषाहार उठान का कार्य ग्राम पंचायत में दूसरे महिला समूह को दिलाए जाने की मांग की है।

# 162 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



रूपईडीहा, बहराइच। पुलिस अधीक्षक प्रशान्त कुमार वर्मा द्वारा अपराध एवं अपराधियो के रोकथाम व अवैध शराब बनाने व बेचने व तस्करी करने वालो के विरुद्ध चलाये अभियान के अनुक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) डा0 पवित्र मोहन त्रिपाठी व क्षेत्राधिकारी नानपारा राहुल पाण्डेय के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह के कुशल नेतृत्व में गठित टीम द्वारा बीते शुक्रवार को वरिष्ठ उपनिरीक्षक रूदल बहादुर सिंह मय हमराही फोर्स व एसएसबी टीम द्वारा दौराने चेकिंग सीमा स्तम्भ से 66.5 से 80 मीटर भारतीय क्षेत्र से समय 13.35 बजे अभियुक्त रग्घु सोनकर उम्र 32 वर्ष पुत्र लिलऊ ग्राम प्रहलाद गांव दा0 भगवानपुर कारिंगा थाना रूपईडीहा जनपद बहराइच को गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से एक साईकिल पर लदी हुयी एक प्लास्टिक की बोरी में 108 पन्नी में कुल 162 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुयी। उत्तर प्रदेश शुल्क आबकारी अधिनियम पंजीकृत किया गया।

# गायघाट कस्बे में निकाली गई अक्षत कलश की भाव शोभायात्रा

अमन लेखनी समाचार



मोतीपुर, बहराइच। श्रीराम जन्म भूमि अयोध्या से आए पूजित अक्षत की शोभायात्रा मिहींपुरवा तहसील क्षेत्र के कस्बे में गाजे बाजे के साथ निकाली गई। दर्जनों स्थानों पर स्थानीय ग्रामीणों द्वारा पुष्प वर्षा के साथ शोभायात्रा का स्वागत किया गया। इस दौरान जय श्रीराम, हर हर महादेव के नारे से पूरा इलाका गूंज उठा। ग्राम गायघाट स्थित मोहन दास गिरी बाबा के स्थान से शुरू हुई शोभायात्रा कस्बे के गायघाट बाजार, नयापुरवा, मीरनपुरवा सहित मटिहा मोड़ बाजार का भ्रमण करते हुए वापस मोहन गिरी बाबा के स्थान पर पहुंच कर सम्पन्न हुई। मोहन गिरी बाबा के स्थान पर उपस्थित महिला पुरुष रामभक्तों व कार्यकताओं को संबोधित करते हुए विभाग कार्यवाह अंबिका जी ने 22 जनवरी को राम मन्दिर नूतन विग्रह प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में अपने घरों के समीप मन्दिरों मे, घरों में पूजा पाठ, हरिकीर्तन करने व साथ ही रात्रि में अपने घरों में दीपक जलाने का आह्वान किया। इस दौरान विभाग सेवा प्रमुख रणंजय सिंह, विभाग बौद्धिक प्रमुख अशोक तिवारी, जिला कार्यवाह दिलीप वैदिक, विधायक प्रतिनिधि आलोक जिंदल, विश्व हिंदू परिषद के विभाग उपाध्यक्ष संदीप सिंह, सीमा जागरण मंच के जिला महामंत्री योगेन्द्र मौर्य, रिसिया खंड संघ चालक लव शुक्ला, कार्यक्रम संयोजक अमित वर्मा व मदन सोनी, अशोक वर्मा, रोहित मिश्रा, विमलेश मिश्रा, रामू वर्मा, मनोज निषाद, अशोक पोरवाल, मुन्ना लाल जायसवाल, अंकित बजरंगी, गिरजेश चंदन सहित काफी संख्या में महिला पुरुष व स्थानीय कार्यकर्ता शामिल रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान शांति व सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत मोतीपुर थानाध्यक्ष दद्दन सिंह पुलिस टीम के साथ उपस्थित रहे।

**धरोहर** — सांस्कृतिक धरोहर पारंपरिक नृत्य की विभिन्न मुद्राएं व भाव भंगिमा ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध

# अयोध्या महोत्सव में स्कूली बच्चों ने प्रस्तुत किया सांस्कृतिक कार्यक्रम

अमन लेखनी समाचार



अयोध्या, नववर्ष की प्रथम रात्रि पर अयोध्या महोत्सव में विश्व की प्राचीनतम भारतीय संस्कृति के विभिन्न रंगों से आम जनमानस परिचित हुआ। महोत्सव के मंच पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। जिसमें स्कूली बच्चों की प्रस्तुति में सांस्कृतिक धरोहर पारम्परिक नृत्य की विभिन्न मुद्राएं व भावभंगिमा ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। लश्करी पब्लिक स्कूल, लिटिल हार्ट्स एकेडमी , एमएमआरडी पब्लिक स्कूल, एमबी पब्लिक स्कूल व यूनिवर्सल स्कूल के छात्र-छात्राओं की मनमोहक प्रस्तुति पर तालियों की गड़गड़ाहट से अयोध्या महोत्सव का पाडांल गुंजता रहा। विशिष्ट उपस्थित पूर्व चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सीबीएन त्रिपाठी पूर्व चिकित्सा अधिकारी प्रयागराज डॉ नानकसरन की उपस्थिति में समाज में उत्कृष्ट योगदान करने वाले चिकित्सकों को सम्मानित किया गया। इस दौरान इंडियन मेडिकल एसोसिएशन अयोध्या अध्यक्ष डॉ मंजूषा पांडे, चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ पल्लवी श्रीवास्तव, डॉ जीपी मौर्य, वरिष्ठ आर्थो चिकित्सक डॉ. आशीष श्रीवास्तव, फिजिशियन शिवेन्द्र सिन्हा, डॉ रमेश पांडेय, डॉ विकास चतुर्वेदी, डॉ. के एस मिश्रा, डॉ. अनिल वर्मा, डॉ. संदीप सिंह, डॉ. पूनम गुप्ता, डॉ. गौरव वर्मा, डॉ. गरिमा सिंह, डॉ. अहमद हसन, डॉ. गौरव श्रीवास्तव, डॉ. विनोद मिश्रा, डॉ. आशीष पांडेय, डॉ. मेंहदी, डॉ. बी डी त्रिपाठी, डॉ. विजय दुबे, डॉ. अमरेश पाण्डेय को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

अयोध्या महोत्सव न्यास के अध्यक्ष हरीश श्रीवास्तव ने कहा कि भारतीय संस्कृति सम्पूर्ण विश्व के लिए आकर्षण का विषय है। भारतीय संस्कृति दुनिया की पहली ऐसी संस्कृति है जो वसुधैव कुटुम्बकम का भाव अपने भीतर समाहित करके समाज के कल्याण की शिक्षा प्रदान करती है। शास्त्रीय व लोकनृत्य हमारी सांस्कृतिक विरासत है।

इसे सहेजना अत्यंत आवश्यक है। जिसके लिए आवश्यक है कि आज की युवा पीढ़ी में इसके लिए जिज्ञासा बढ़े। महोत्सव के मंच से इसी भाव को लेकर जनमानस के बीच प्रस्तुति की जाती है। उन्होंने बताया कि तीन जनवरी को सम्मान समारोह का आयोजन होगा। जिसमें लोक गायक विवेक पांडेय आमंत्रित कलाकार के रूप में होंगे। दूसरे सत्र में अयोध्या आयडल ग्रैंड फिनाले का आयोजन होगा।

चार जनवरी को व्यवसायी अभिनंदन समारोह का आयोजन होगा।

# बेशकीमती जमीन पर मिली 21 लोगों की कब्जेदारी

**तहसीलदार के निरीक्षण मे हुआ खुलासा**

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। फखरपुर के खालिदपुर गांव में राष्ट्रीय राज्य मार्ग हाईवे के किनारे बेशकीमती जमीन पर गैर कानूनी तरीके से अतिक्रमण कर बनाए गए 21 घरों पर बुलडोजर चलेगा। शुक्रवार शाम को तहसीलदार अजय कुमार यादव के स्थलीय निरीक्षण मे 21 लोंगों का कब्जा पाया गया है। तहसील दार ने बताया की ग्राम खालिदपुर के गाटा संख्या 104, जो राजस्व अभिलेखों में खलिहान के रूप में दर्ज है। गांव के ही अकील के पत्र एवं स्थानीय लेखपाल के रिपोर्ट के बाद उक्त भूमि के संबंध में न्यायालय में उ प्र राजस्व सहिता की धारा 67 के अंतर्गत विचाराधीन वादों का स्थलीय निरीक्षण किया गया है। न्यायालय में इस गाटा संख्या के संबंध में दर्ज कुल 25 वादों के सापेक्ष चार लोगों का कब्जा नही पाया गया। शेष 21लोगों का अवैध कब्जा मौके पर होना पाया गया है। सभी के मकान बने हैं। उन्होंने बताया कि सभी के कब्जेदारों के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही अमल में लायी जाएगी। इस मौके पर राजस्व निरीक्षक रममनोहर, लेखपाल आशीष कुमार, महावीर, उमेश कुमार, सतीश समेत अन्य मौजूद रहे।

# संक्षेप

## भ्रष्टाचार में लिप्त ग्राम प्रधान के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी

जगदीशपुर, अमेठी। सरकार के समस्त नियम व कानून को ठेंगा दिखा कर मनमानी करने वाले ग्राम प्रधान के खिलाफ जिलाधिकारी द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। विकास खण्ड के अंतर्गत स्थित ग्राम पंचायत टाडा में भ्रष्टाचार का मामला तब प्रकाश मे आया जब शिकायती पत्र मिलने के बाद उप निदेशक मण्डल अयोध्या द्वारा ग्राम पंचायत में कार्यों की गहनता पूर्वक जांच किया तो पता चला कि स्वच्छ भारत मिशन, खडंजा, सीलिंग निर्माण आदि कराए गए कार्यों में हेराफेरी व फर्जी दस्तावेज के जरिए लाखों रुपए तितर-बितर कर दिया गया जिसकी जांच रिपोर्ट जिलाधिकारी अमेठी राकेश कुमार मिश्र को सौंपने पर उन्होने मामले को संज्ञान में लेते हुए ग्राम प्रधान को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए स्पष्टीकरण मांगा है गौरतलब हो कि ग्राम पंचायतों में व्याप्त भ्रष्टाचार की कलई उच्च स्तरीय आला अफसरों के जांच के बाद में ही खुलती है तो सवाल इस बात का है कि आखिर ब्लाक मे बैठे जिम्मेदार अधिकारीगण क्यों अंजान बने रहते हैं इस सम्बन्ध में डीपीआरओ अमेठी ने बताया कि मामले की जांच के पश्चात रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंपने के बाद उनके द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी कर दी गई है निर्धारित समय के अंदर जवाब ना मिलने पर अग्रिम कार्यवाई सुनिश्चित की जाएगी ।

## गाड़ी का हार्न बजाने पर पीटा, तीन पर केस दर्ज

सहजनवा गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र स्थित के ग्राम पंचायत वसुधा निवासी विजय सिंह पुत्र राजेंद्र सिंह वृहस्पतिवार को शाम को पिपरौली से घर आ रहे थे। जैतपुर बोकटा मोड पर जैसे घुमा रास्ते में दो लोग खड़े थे ।गाड़ी का हार्न बजाने पर दोनो लोग नही हट रहे थे। जब हटने के लिए कहा तो गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर मारा पीटा। उसी दौरान आरोपी के घर का एक और व्यक्ति आ गया तीनो ने मिलकर पीट दिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर सर्वेश पुत्र झिनकौड़ी, अमित पुत्र राजमन, भोला पुत्र स्वर्ण के खिलाफ मारपीट, गाली गलौज, जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

## टहलने निकली युवती के साथ छेड़छाड़ केस दर्ज

सहजनवा, गोरखपुर। सहजनवा तहसील अंतर्गत हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र स्थित के सरायचाद पर रात्रि में भोजन कर टहलने निकली युवती को अकेला देखकर गांव का युवक छेड़छाड़ करने की कोशिश करने लगा था। विरोध करने पर मारने पीटने और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया था। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़, मारने पीटने और जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के सरायचाद पार निवासी युवती रात्रि में भोजन करने के बाद सड़क पर टहलने निकली थी। उसी दौरान गांव का एक युवक रास्ते में अकेला देखकर छेड़छाड़ करने की कोशिश करने लगा। युवती द्वारा शोर मचाने पर परिजन दौड़े तो वह मारने की पीटने और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी ओमवीर यादव पुत्र रामकेश यादव निवासी सरायचाद के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# खरांवा पहुंची प्रधानमंत्री की गारंटी वाली गाड़ी

**भारत सरकार के संयुक्त सचिव ने दिलाई सपथ।**

**विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को वितरित किए प्रमाण पत्र, लोगों को दिलाया विकसित भारत का संकल्प।**

**अमन लेखनी समाचार**



तिलोई, अमेठी। विकासखंड सिंहपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत खरावां में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में श्रीमती इंदिरा मालो संयुक्त सचिव महिला एवं बाल विकास एवं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय भारत सरकार सम्मिलित हुई, इस अवसर पर संयुक्त सचिव ने वहां पर उपस्थित लोगों को विकसित भारत संकल्प की शपथ दिलाई तथा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के संबंध में जानकारी प्रदान की। संयुक्त सचिव ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों यथा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, स्वच्छ भारत अभियान, किसान सम्मन निधि, दिव्यांगजन पेंशन योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र/प्रशस्ति पत्र प्रदान किया साथ ही बाल विकास विभाग की ओर से आयोजित अन्नप्राशन एवं गोद भराई कार्यक्रम में भी सम्मिलित हुई। इस अवसर पर जनपद के विभिन्न विभागों द्वारा सम्बन्धित योजनाओं के स्टॉलों को लगाया गया एवं इन स्टॉलों पर विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित रह गये पात्र लाभार्थियों का नामांकन किया गया। मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत सरकार के विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित व्यक्तियों द्वारा प्राप्त होने वाले लाभ के बारे में अपने-अपने अनुभवों को बताया गया एवं इस अवसर पर एल0ई0डी0 वीडियो वैन के माध्यम से मा0 प्रधानमंत्री जी का रिकॉर्ड किया गया संदेश जनसामान्य को दिखाया गया, जिसे 26 जनवरी, 2024 तक जनपद के सभी ग्राम पंचायतों में एल0ई0डी0 वीडियो वैन के माध्यम से संचालित किया जायेगा। उक्त कार्यक्रम में विभिन्न विभागों क्रमशः राजस्व विभाग द्वारा भूमि विवाद से सम्बन्धित राजस्व चौपाल, पुलिस विभाग द्वारा मिशन शक्ति कार्यक्रम, कृषि विभाग, उद्यान विभाग, खादी ग्रामोद्योग, जल जीवन मिशन, एन0आर0एल0एम0, बाल विकास, पेंशन, स्वास्थ्य विभाग सहित कई अन्य विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर अद्यतन योजनाओं व जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक करते हुए अब तक संचालित योजनाओं से वंचित जनसामान्य के आवेदन कराते हुए उन्हें सम्बन्धित योजनाओं के तहत लाभान्वित किया गया। इस दौरान विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा गीत, नाटक आदि प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अंशुमान सिंह, संयुक्त कृषि निदेशक डॉ एलबी यादव, परियोजना निदेशक डीआरडीए ऐश्वर्य यादव, डीसी एनआरएलएम प्रवीणा शुक्ला, जिला समाज कल्याण अधिकारी आरके शर्मा, एसडीएम तिलोई दिग्विजय सिंह, सीओ डाक्टर अजय कुमार सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी संतोष श्रीवास्तव, ब्लाक प्रमुख सिंहपुर अंकित पासी , पूर्व प्रधान अर्जुन सिंह भदौरिया खरांवा प्रधान व पंचायत सचिव शिवरतनगंज थानाध्यक्ष तनुज कुमार पाल सहित सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# गरीबों के हित के लिए काम कर रही केंद्र और प्रदेश की सरकार -जिलाध्यक्ष

**अमन लेखनी समाचार**




सहजनवा, गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के हरपुर बाजार में शुक्रवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की सरकार ने सर्व समाज का विकास करने के साथ-साथ बहु प्रतीक्षित भगवान राम के मंदिर को बनवाकर देश का कल्याण करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को भगवान राम के मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा होने के लिए कार्यक्रम तय किया गया है। उस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ता अपनी तैयारी पूरी कर लें। भाजपा के जिला महामंत्री डॉ. आरडी सिंह ने कहा कि जब से भाजपा की सरकार बनी है अपराधियों का घर या तो जेलखाना में है या तो वह घर छोड़कर फरार हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने गरीबों को उज्ज्वला योजना के तहत गैस देने का काम किया, उन्हें आवास देकर उनको रहने का ठिकाना दिया। देश का चौमुखी विकास हो रहा है। दवाई, पढ़ाई किसानी सब बेहतर ढंग से चल रही है। इस मौके पर पंचायती राज सलाहकार मदनमुरारी गुप्ता ने सरकार द्वारा प्रधानमंत्री योजना व अन्य योजनाओं के तहत लाभ पाने वाले लोगों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान रामउजागिर, शुक्ला, अभिमन्यु मौर्य, लालजी यादव, प्रहलाद यादव, प्रमोद राय, रमेश पांडेय, रजनीश शुक्ल सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# स्मार्टफोन के सकारात्मक प्रयोग से शिक्षा की राह आसान -विधायक

**अमन लेखनी समाचार**

सहजनवा, गोरखपुर। सहजनवा तहसील अंतर्गत विकासखंड पिपरौली क्षेत्र स्थित के ग्राम पंचायत नंदापार में स्मार्टफोन से प्रतियोगी परीक्षा सहित अन्य सभी कोर्स की जानकारी मोबाइल फोन से मिल जा रही है। ऐसे में आने वाले दिनों में यह स्मार्टफोन शिक्षा के लिए काफी लाभदायक होने वाला है। स्मार्टफोन का सकारात्मक प्रयोग जानकारी की हर राह आसान बनाती है। वर्तमान में सारी दुनिया ऑनलाइन माध्यम से जुड़ चुकी है इसीलिए स्मार्टफोन के सकारात्मक पहलू पर ध्यान में रखते हुए छात्राएं अपना और समाज का सर्वांगीण विकास करेंगे। उक्त बातें विधायक प्रदीप शुक्ल ने नंदापार में बच्चो में स्मार्टफोन वितरण के दौरान बतौर मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख दिलीप यादव, जिला उपाध्यक्ष छोटेलाल मौर्य, जिला पंचायत सदस्य राम बुझारत पासी, मंडल अध्यक्ष धर्मराज गोड़, प्राचार्य डॉ संजय त्रिपाठी, प्राचार्य कुलदीप पाठक, कोशलानंद दुबे, भोलानाथ यादव, आदित्य पांडे, राहुल कुमार ,नितीश कुमार ,शशि कला पांडे, अनूप, एकनाथ मिश्रा, सुनीता राव, अक्षिता मिश्रा, प्रीति पांडे, विकास सिंह, विवेकानंद चौरसिया धनंजय सिंह, दिनेश निषाद समेत महाविद्यालय की शिक्षिकाएं और स्टाफ मौजूद थे।



# नगर पंचायत घघसरा सीएचसी पर कैंसर शिविर का आयोजन

**अमन लेखनी समाचार**



सहजनवा, गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पाली क्षेत्र स्थित के नगर पंचायत के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, ठरापार में शुक्रवार को हनुमान प्रसाद पोद्दार कैंसर अस्पताल एवं शोध संस्थान गीता वाटिका गोरखपुर की तरफ से निःशुल्क कैंसर जागरूकता स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारी संख्या में लोग मौजूद थे। कार्यक्रम की अगुवाई-डाक्टर राकेश श्रीवास्तव एवं आयोजक अजय श्रीवास्तव ने किया। उन्होंने ने लोगों को बताया कि-शुरूआती जानकारी, रोकथाम और पहचान के अभाव में कैंसर विकराल रूप ले लेता है। इसकी पहले जानकारी होने पर हम काबू पा सकते हैं। जंग फूड, महिलाओं में बेस्ट व यूट्रस संबंधी समस्या होने पर तत्काल चिकित्सीय परीक्षण से संभावना नहीं के बराबर हो जाती है। शिविर में कुल 133 मरीजों का परीक्षण किया गया और उन्हें कैंसर से संबंधित जानकारी दी गई। उक्त अवसर पर चिकित्सक डॉ.राकेश श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्त, डाक्टर सतीश श्रीवास्तव, रानी त्रिपाठी, श्रीभगवान यादव, नारद मुनि प्रतिमा शर्मा, अंकित पांडेय समेत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के स्वास्थ्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## विद्युत कनेक्शन काटने के विरोध में ग्रामवासियों ने प्रदर्शन कर पत्रक सौंपा, किया कार्रवाई की मांग

गोरखपुर। गोला विकास खण्ड के तीरागांव के ग्रामवासियों ने ग्राम प्रधान सुरज कुमार के नेतृत्व में विद्युत कनेक्शन काटे जाने के विरोध में शुक्रवार को तहसील परिसर में विरोध प्रदर्शन कर उपजिलाधिकारी को सम्बोधित पत्रक स्टोनो बाबू को सौंप कर कार्रवाई की मांग की ।प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे ग्राम प्रधान ने बताया कि विद्युत कर्मचारियों के मनमानी से गांव के लोग परेशान हैं आए दिन गांव में विद्युत कर्मचारी आकर लोगों का विद्युत कनेक्शन काट देते हैं तथा पुनः जोड़ने के नाम पर अवैध वसूली करते हैं इसी क्रम में गुरुवार को विद्युत कर्मचारियों ने गांव के उपभोक्ताओं का बिल जमा होने व 10 हजार रुपये से भी कम का बकाया होने के बाद भी कनेक्शन काट दिया है। ग्रामीणों ने विद्युत कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने तथा कनेक्शन को पुनः जोड़ने की मांग किया है। इस संबंध में एसडीओ राजेश प्रसाद ने बताया कि बकायादारों का ही कनेक्शन काटा गया है। ग्राम प्रधान का खुद का बकाया करीब लाख रुपए का है। सभी से ओटीएस का लाभ लेते हुए बकाया जल्द से जल्द जमा करने को कहा गया है। इस संबंध में उपजिलाधिकारी रोहित कुमार मौर्य ने कहा कि हमें इस प्रकरण की जानकारी नहीं है। इस अवसर पर श्यामदेव, गीता देवी झरना देवी सहित तमाम लोग आदि शामिल रहे।

# रहस्यमय परिस्थिति में महिला की मौत, छः लोगों पर मुकदमा

**अमन लेखनी समाचार**



सहजनवा, गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पाली क्षेत्र स्थित के नगर पंचायत घघसरा के मोहल्ला पनिका में बीते गुरुवार की रात एक महिला की रहस्यमय परिस्थिति में जलने से मौत हो गई है । मायके वालों की तहरीर पर पुलिस ने पति, जेठ, जेठानी व सास समेत छः लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। मृतका की पहचान मोहल्ला के नीरजा देवी पत्नी संजय पाण्डेय के रूप में हुई है। मिली जानकारी अनुसार-नीरजा देवी अपने पति संजय व सास शुभावती देवी से किसी बात को लेकर नाराज चल रही थी। देर-रात अचानक चीख-पुकार के साथ वह आग की लपटों से घिरी अपने कमरे से बाहर भागी ।लोगों ने किसी तरह आग पर काबू पाया ।एंबुलेंस की मदद से तत्काल उसी रात नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ठरापार में भर्ती किया, हालांकि नाजुक हालत देखते हुए डाक्टरों ने उसे प्रार्थमिक उपचार के बाद तत्काल जिला अस्पताल गोरखपुर रेफर कर दिया गया था ।निजी अस्पताल में वह दूसरे दिन शुक्रवार की भोर में अंतिम सास ली ।मृतका नीरजा का मायका हरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम हरपुर में था। दस वर्ष पहले उसकी शादी संजय से हुई थी। उसके पिता-नारद मुनि की तहरीर पर पति संजय, सास शुभावती देवी समेत आधा दर्जन लोगों पर अपराधिक मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई में जुटे गयी है ।मृतका के पास एक 11 वर्षीय बेटा है, जो कक्षा छह में पढ़ता है ।घटना स्थल पर सीओ कैंपियरगंज, थाना प्रभारी सहजनवा थाना चौक प्रभारी घघसरा के साथ फोरेंसिक टीम भी मौजूद थी। उक्त संदर्भ में थाना प्रभारी इत्यानंद पाण्डेय ने कहा कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

# रामजन्मभूमि संघर्ष के महानायक कल्याण सिंह जयंती पर राष्ट्र चेतना मिशन द्वारा खुर्जा में किया गया कारसेवक सम्मान समारोह

**अमन लेखनी समाचार**




खुर्जा , बुलन्दशहर। राष्ट्र चेतना मिशन द्वारा निरंतर संचालित कारसेवक सम्मान समारोह अभियान के दौरान आज खुर्जा में कारसेवकों का अभिनंदन कर सम्मानित किया गया ।शुक्रवार को श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के महानायक रहे स्व. कल्याण सिंह जयंती के अवसर पर खुर्जा के मोहल्ला सराय शेख आलम क्षेत्र में राष्ट्र चेतना मिशन द्वारा आयोजित कारसेवक सम्मान समारोह में संस्था के अध्यक्ष हेमन्त सिंह ने अयोध्या में आगामी 22 जनवरी को भव्य राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की बधाई देते हुए इस पूरे संघर्ष की सफलता में कल्याण सिंह की नेतृत्व भूमिका और अविस्मरणीय योगदान पर प्रकाश डाला। साथ ही 1990 और 1992 के घटनाक्रमों में सम्मिलित रहे स्थानीय कारसेवकों और उनके परिजनों का भी आभार व्यक्त किया ।संस्था के कार्यकताओं ने स्वस्ति वाचन और पुष्प वर्षा के साथ कारसेवक रामप्रकाश गुप्ता, श्याम गुप्ता, सुनील गुप्ता, कृष्ण मुरारी गुप्ता, नीरज कुमार, संजय शर्मा, प्रशान्त, श्रीचन्द, धर्मेन्द्र आदि कारसेवकों को श्रीराम जन्मभूमि का प्रतीक चिह्न और भगवा अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया ।व्यवस्थाओं में राष्ट्र चेतना मिशन के अध्यक्ष हेमन्त सिंह, विकास सिंह, न्यू गुप्ता, ध्रुव लाड़ला, अमित गुप्ता, यश गुप्ता, भूपेन्द्र जादौन, सुमित गुप्ता, यश पंडित आदि उपस्थित रहे।

# मेरठ में बिजली के खंभे से टकराई कार, लगी आग

## युवक-युवती ने बाहर निकल कर बचाई जान

**अमन लेखनी समाचार**



मेरठ, मेरठ के सिविल लाइन थाना क्षेत्र स्थित विक्टोरिया पार्क के निकट मंगलवार रात बड़ा हादसा होने से बच गया। दो कारों की दौड़ के दौरान एक कार बिजली के खंभे से टकरा गई। जिससे चलती कार में भयंकर आग लग गई। आग लगने के तुरंत बाद साथ में चल रही कार में सवाल लोगों ने किसी तरह कार से युवक और युवती को बाहर निकाला और दोनों को बचा लिया। वहीं कार की टक्कर से बिजली के खंभे के तार टूट गए। आसपास के मकानो में करंट दौड़ गया मामले की जानकारी पाकर दो दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। मंगलवार देर रात सिविल लाइन थाना क्षेत्र स्थित विक्टोरिया पार्क के निकट एक बड़ा हादसा होने से टल गया। भयंकर कोहरे में कारों की दौड़ के दौरान एक कार बिजली के खंभे से टकरा गई। कार में भीषण आग लग गई। वहीं कार की तेज रफ्तार होने के कारण खंभा मुड़ गया। बिजली के तार मकानों पर गिर गए। जिसके चलते मकानों में करंट दौड़ गया। आग की लपटों में फंसे कार चालक और उसके साथ मौजूद एक युवती को साथ में चल रही कार सवार युवकों ने किसी तरह कार से निकालकर बड़ा हादसा होने से बचा लिया।

वहीं हादसे में कार चालक तुषार मामूली रूप से घायल भी हुआ है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। नौचंदी थाना क्षेत्र के जय देवी नगर निवासी तुषार अपनी कार से दोस्त की कार के साथ कारों की दौड़ कर रहा था। घाना कोहरा होने के कारण तुषार ने कार से अपना नियंत्रण खो दिया। कार विक्टोरिया पार्क के सामने एक खंभे से टकरा गई। जिसके बाद कार में भीषण आग लग गई। तुषार व उसके साथ कार में मौजूद एक युवती कार में फंस गए समय रहते साथ में चल रही कार में सवार युवकों ने किसी तरह कार से दोनों को निकाल कर मामले की जानकारी दमकल विभाग को दी। सूचना पाकर दो दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंच गई। बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया।

लेकिन तब तक कार जलकर राख हो चुकी थी। तुषार की कार से दौड़ लगा रही दूसरी कार में सवार लोगों ने समय रहते दोनों को कार से निकाल लिया नहीं तो एक बड़ा हादसा भी हो सकता था। घटना की जानकारी मिलने पर सिविल लाइन थाना पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और घायल तुषार की तलाश कर रही है।

# अनूपशहर में ब्लॉक स्तरीय रोजगार मेले का हुआ आयोजन

- 325 अभ्यर्थियों ने कराया पंजीकरण, 156 हुए चयनित, दिया गया ऑफर लेटर

**अमन लेखनी समाचार**



अनूपशहर, अनूपशहर के डीपीबीएस कॉलेज में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक संजय शर्मा रहे। मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि नयी शिक्षा नीति के अंतर्गत युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु कौशल विकास के अंतर्गत प्रशिक्षण करा कर सरकार द्वारा स्व रोजगार एवं रोजगार के अवसर प्रदान किये जा रहे हैं। जिसके लिये उन्होंने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी युवाओं को मोबाइल में नमो ऐप डाउनलोड करने को कहा। उन्होंने बताया कि नमो एप पर भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी प्राप्त होती है। मंच का संचालन डॉ. तरुण श्रीवास्तव ने किया। रोजगार मेले में 325 अभ्यर्थी द्वारा पंजीकरण कराया गया। जिसमें 156 अभ्यर्थियों को चयनित किया गया। चयनित अभ्यर्थियों को स्थानीय विधायक संजय शर्मा द्वारा ऑफर लेटर दिए गए। चयनित अभ्यर्थियों की उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# पोखरे पर उगे पेड़ो की की हुई नीलामी



**अमन लेखनी समाचार**

सहजनवा, गोरखपुर। सहजनवां नगर पंचायत के वार्ड 5 सहबाजगंज पोखरे पर उगे पेड़ो की नीलामी के लिए नगर पंचायत कार्यालय पर खुली बैठक की गई। जिसमे कई ठेकेदारों ने बोली लगाया। नीलामी की प्रक्रिया नायब तहसीलदार भानू प्रताप सिंह, ईओ सूर्यकांत के मौजूदगी में सम्पन्न हुआ। इस दौरान वन दरोगा आशुतोष तिवारी, अवर अभियंता भगवंत सिंह, लिपिक राजनाथ यादव, लक्ष्मण प्रसाद, अखिलेंद्र सहित अनेक ठेकेदार मौजूद थे।

# कारोबार छोड़कर भागे कर्मचारी किसानों ने काटा हंगामा

**अमन लेखनी समाचार**



बिंदकी, फतेहपुर। जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत हरिजनपुर गांव में लगे बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड इकाई हैदरगढ़ बाराबंकी के सहकारी गन्ना काटा के कर्मचारी किसानों की आंखों में धूल झोंक रातों-रात रफू चक्कर हो गए परिसर के अंदर खड़ी आधा सैकड़ा ट्रॉली में गन्ना की फसल लदी हुई मिली जिसकी तौल कराना कर्मचारियों ने मुनासिब नहीं समझा वही क्षेत्रवासी किसानों ने कर्मचारियों के ऊपर आरोप लगाया की घूस देने वाले किसान की तौल पहले कराई जा रही है जबकि कई दिनों से लाइन में लगी ट्रालियों की तौल कर्मचारियों ने नहीं कराया दबाव को देख कर्मचारी गन्ना कांटा के चौकीदार को रस्सी से बांध ट्रक में सामान लेकर रफू चक्कर हो गए जहां चौकीदार संतोष कुमार ने पूरी हकीकत बयां की जानकारी मिलने पर पहुंचे सैकड़ो किसानों ने फतेहपुर जहानाबाद मुख्य मार्ग में गन्ने से लदी ट्राली खड़ी करते हुए जाम लगा दिया जानकारी मिलते ही पहुंचे थाना प्रभारी चांदपुर बच्चे लाल प्रसाद ने किसानों को न्याय दिलाने का आश्वासन देते हुए कड़ी मशक्कत के बाद अवरुद्ध मार्ग को खुलवाया वही भ्रष्ट कर्मचारियों के ऊपर दंडात्मक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया

## संक्षेप

### दो पक्षों में विवाद होने पर हुई मारपीट

अमन लेखनी समाचार

कुरारा,हमीरपुर ।थाना क्षेत्र के पतारा गांव के मजरा क्योटरा गांव निवासी दो पक्ष में विवाद होने पर मारपीट हुई जिसमे दोनो पक्ष ने एक दूसरे के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की है। क्षेत्र के पतारा ग्राम पंचायत के मजरा क्योटरा गांव निवासी मलखान पुत्र गोपाल ने थाने में तहरीर देकर बताया कि गांव निवासी श्री कृष्ण व हरी किशन पुत्रगण कोरा व महेश व नरेश पुत्रगण हरिकिशन ने दरवाजे पर आकर गाली गलौज किया मना करने पर मारपीट की जिससे मेरे चोट आई है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मारपीट करने का मुकदमा दर्ज किया है ।वही दूसरे पक्ष के हरिकिशन ने मलखान पुत्र गोपाल व रमेश ,रामफूल, छोटे पुत्रगण परसदवा द्वारा गाली गलौज करने मना करने पर मारपीट करने की तहरीर थाने में दी है ।पुलिस ने मारपीट ।करने का मुकदमा दर्ज किया है।

### आरोपी के खिलाफ मारपीट करने का मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

कुरारा, हमीरपुर। थाना क्षेत्र के गोकुल डेरा गांव निवासी ग्रामीण ने खेत जाते समय गाली गलौज करने व मना करने पर मारपीट कर घायल कर देने की तहरीर थाने में दी है ।पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मारपीट करने का मुकदमा दर्ज किया है ।क्षेत्र के गोकुल डेरा गांव निवासी मूलचंद्र निषाद पुत्र रामकिशन ने थाने में तहरीर देकर बताया कि दोपहर एक बजे घर से खेत जा रहा था। रास्ते में कुछ लोग जुंवा खेल रहे थे ।वहां मौजूद गांव निवासी रामनरेश उर्फ पुत्तन पुत्र महेश गाली गलौज करने लगा। मना करने पर ईंट मारकर घायल कर दिया उसने बताया कि आंख में चोट आई है ।पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

### विकसित भारत नगरीय संकल्प यात्रा में सुनी नगरवासियों की समास्याएं

अमन लेखनी समाचार

राठ, हमीरपुर। शुक्रवार को विकासखण्ड राठ के राठ नगर के चौपड़ा मन्दिर में आयोजित ?विकसित भारत नगरीय संवाद संकल्प यात्रा? के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत और भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील पाठक और मदन पांडे एंव नगर चैयरमेन श्री निवास बुधौलिया एवं विधायक प्रतिनिधि भरत अनुरागी ने दीप प्रज्वलित कर एवं पूर्व राज्यपाल/पूर्व मुख्यमंत्री बाबू कल्याण सिंह जी की जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी और कार्यक्रम का शुभारम्भ किया एवं सम्मानित जनता जनार्दन को सम्बोधित करते हुए केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराकर, समस्त लाभान्वित लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरित किये इस अवसर पर पार्टी के पदाधिकारी एवं देवतुल्य कार्यकर्ता और नगरवासी उपस्थित रहे।

# सैदपुर डायट में संपन्न हुआ प्रधानाचार्यों का प्रशिक्षण कार्यक्रम, उपशिक्षा निदेशक ने की शिक्षा स्तर में बदलाव की अपील

अमन लेखनी समाचार



गाजीपुर जिले के सैदपुर नगर स्थित डायट में जिले के सभी राजकीय माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्यों व प्रधानाध्यापकों के लिए बीते 5 दिनों से चल रहा नेतृत्व विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया। राष्ट्रीय विद्यालय नेतृत्व केंद्र, राष्ट्रीय शैक्षिक योजना व प्रशासन विश्वविद्यालय नई दिल्ली के सहयोग से समग्र शिक्षा माध्यमिक उत्तर प्रदेश द्वारा डायट में इसका आयोजन हुआ था। उप शिक्षा निदेशक उदयभान ने कहा कि एक प्रधानाचार्य के सामने कई तरह की व्यावहारिक समस्याएं आती हैं। संस्था को हर परिस्थिति में अच्छे ढंग से चला लें, ये चुनौती उनके सामने होती है। बताया कि सीखने व सिखाने की प्रक्रिया और मनोविज्ञान वर्तमान समय में बदल गया है। हमें सीखने की प्रवृत्ति विकसित करने की आवश्यकता है। जिम्मेवारियों का बंटवारा करने से कार्य में सुधार होगा। शिक्षा की तकनीक में बदलाव आया है और उसे हमें सीखने की आवश्यकता है। प्रधानाचार्या रागिनी श्रीवास्तव ने कहा कि शैक्षिक नेतृत्वकर्ता के सामने कई तरह की चुनौतियां होती हैं। हमें अपने भौतिक एवं मानवीय संसाधनों को पहचान कर उनका उपयुक्त तरीके से नियोजन करना आवश्यक होता है। वित्तीय एवं तकनीकी जानकारी का होना भी अत्यंत आवश्यक है। वरिष्ठ प्रवक्ता राजीव पाठक ने कहा कि हमें अनुभवों से सीखने की जरूरत है। संसाधनों का बेहतर उपयोग कैसे करें इस दिशा में सोचने की जरूरत है। हमें अपनी कक्षा में ज्ञान के सृजन पर बल देने की जरुरत है। बेहतर नियोजन से कार्य की उपलब्धि गुणवत्ता परक होगी। हम सभी को अपने अंदर नेतृत्वकर्ता के गुण विकसित करने होंगे। आज की आवश्यकता है कि हम अपने सूचना प्रबंधन पर भी विशेष बल दें। संचालन करते हुए हरिओम कहा कि कार्य में सफलता मिलेगी मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

## जल जीवन मिशन द्वारा किया जाएगा गांवों को जागरूक

सोनभद्र। जल जीवन मिशन ?हर घर जल योजना अंतर्गत सोनभद्र में इम्पैनल्ड/सूचीबद्ध (एजेंसी मेसर्स स्वजन फाउण्डेशन लखनऊ द्वारा 4 जनवरी 2024 के जनपद के विकास खण्ड - बभनी के ग्राम - पोखरा, असनहार, दुमरहर सुखड़ां, विकास खण्ड- रावट्र्सगंज के ग्राम - ओरगाई, बिच्छी, कुरा औ? नगवां के ग्राम - चारगड़ा, मंडपा, मझुई, रामपुर, पनौरा, केवतम, सोमा, ढोसरा, आमडीह, रैया, गोटिबाँध, कम्हरिया, सराइगढ़, नन्दना, सिकवार ,मकरिवारी, मारकुंडी, चेरुई, फिल्म प्रोजेक्टर, के माध्यम से ग्राम पंचायत स्तर पर संचालित आंगन बड़ी केंद पर पेयजल एवं स्वक्षता सम्बन्धित जागरूकता कराए जाएंगे। कार्यक्रम में ग्रामवासी को गुणवक्ता एवं मेहता के बारे में विस्तृत रूप में संस्था के अनिल कुमार एवं वरिष्ट ट्रेनरों द्वारा जानकारी दी जाएगी।

## छत के जीने से पैर फिसलने से किसान की इलाज के दौरान मौत

अमन लेखनी समाचार



हमीरपुर। जानकारी के अनुसार जनपद के मुस्करा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पहाड़ी भिटारी निवासी कृषक मन्नी लाल पुत्र स्व0 विश्वनाथ उम्र 38 वर्ष बीते 27 दिसम्बर की रात्रि कुछ काम से अपने घर की छत पर जा रहा था तभी अचानक उसका पैर जीने से फिसल जाने से उचाई से गिर गंभीर रूप से घायल हो गया ।जिसे आनन फानन में परिजनों द्वारा समुदायक स्वस्थ केंद्र मुस्करा में भर्ती कराया गया ।जहाँ हालात नाजुक होने के चलते समुदायक स्वस्थ केंद्र के चिकित्सकों ने कानपुर हैलट के लिए रिफर कर दिया। जहाँ पर इलाज के दौरान उसकी इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी ।परिजनों ने बताया कि मृतक अपनी खेती किसानी कर अपना और अपने परिवार का भरण पोषण करता था ।म्रतक अपने पीछे अपनी पत्नी रामदेवी तथा 17 वर्षीय पुत्र दिलीप कुमार व 13 वर्षीय छोटे पुत्र नीशू को रोता विलखता छोड़ गया है ।8स घटना से परिजनों कोहराम मचा हुआ है तो वही ग्रामीणों में शोक का माहौल ब्याप्त है।

## विष्णु महायज्ञ व रास लीला का बृज की होली के साथ हुआ समापन



अमन लेखनी समाचार

कुरारा,हमीरपुर ।कस्बा कुरारा में चल रही विष्णु महायज्ञ व रास लीला का समापन बृज की फूलो की होली से समापन हुआ। होली में राधा कृष्ण व गोपियों ने लठ्ठ मार होली व फूलो की होली खेली ।इस दौरान महिलाओं व पुरुषो की भारी भीड़ एकत्र रही ।कस्बा कुरारा में चल रही विष्णु महायज्ञ व रास लीला का समापन फूलो की बृज की होली के साथ हुआ। पहले कृष्ण व उनके सखा के साथ लठ्ठमार होली खेली। इसके बाद भगवान श्री कृष्ण व राधा रानी के साथ फूलो से होली खेली गई। बृज की होली देखने के लिए कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों के महिलाओं व पुरषों की भीड़ एकत्र रही। लोगो ने भगवान श्री कृष्ण के साथ होली खेली। दो सप्ताह से चल रहे रासलीला व मेले का समापन हो गया।

## मिशन शक्ति अभियान फेज-4.0 के तहत साइबर अपराधों के बारें में किया जा रहा जागरूक

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। मिशन शक्ति अभियान के चतुर्थ चरण के तहत महिला सशक्तिकरण जागरूकता हेतु जनपद सोनभद्र में उत्तर-प्रदेश सरकार द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान में महिलाओं /बालिकाओं/ छात्राओं को नारी सुरक्षा, नारी स्वाबलंबन एवं नारी सम्मान की दिशा में जनपद की महिला बीट पुलिसकर्मियों द्वारा अपने-अपने बीट क्षेत्र/ग्राम पंचायत/वार्ड/मोहल्लों की महिलाओं/बालिकाओं/छात्राओं को महिला सुरक्षा संबंधी विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे- वूमेन पॉवर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, एम्बुलेंस सेवा-108, चाइल्ड लाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, महिला हेल्पलाइन-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 तथा सार्थक और सकारात्मक चर्चा कर गुड टच, बैड टच के बारे में, घरेलू हिंसा के बारे में जागरूक करते हुए वर्तमान समय में बढ़ रहे साइबर अपराध के सम्बन्ध में जागरूक करते हुए बताया गया कि किसी अन्जान व्यक्ति से अपना खाता संख्या, एटीएम पिन, सीवीवी नम्बर, एटीएम कार्ड नम्बर, पासवर्ड एवं मोबाइल नम्बर पर एसएमएस के जरिए प्राप्त ओटीपी कदापि शेयर न करें ।यदि किसी के साथ साइबर फ्रॉड होता है तो वह तत्काल साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर कॉल कर अपनी शिकायत दर्ज करायें, साथ ही साथ विभिन्न सराकारी योजनाओं यथा- निराश्रित विधवा पेंशन योजना, जननी सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढाओ, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना इत्यादि योजनाओं के प्रति जागरूक करते हुए पम्पलेट वितरित किया गया ।

## चोरी की पांच साइकिलों के साथ पुलिस के हत्थे चढ़ा अभियुक्त



अमन लेखनी समाचार/शोभित शुक्ला

फतेहपुर। जनपद फतेहपुर के थरियांव पुलिस ने एक शातिर साइकिल चोर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

थरियांव थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के ग्राम सेमरइया निवासी शातिर साइकिल चोर अजय लोधी पुत्र इंदल लोधी को गांव के ही नवल लोधी के घर के पास से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त अजय लोधी की निशानदेही पर चोरी की पांच साइकिले बरामद की गई। गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर फतेहपुर न्यायालय में पेश किया गया है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम मे थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह, उपनिरीक्षक लक्ष्मी कांत शर्मा, कांस्टेबल अभिजीत कुमार व कांस्टेबल माधवेन्द्र कुमार शामिल हैं।

## भीषण ठंड में किसानों के लिए परेशानी बने अन्ना जानवर

अमन लेखनी समाचार



छिवलहा, फतेहपुर। क्षेत्र में अन्ना आवारा पशुओं से परेशान किसान पड़ रही कडाके की ठंड व शीतलहर मे अन्ना जानवरों से रात-दिन फसलों की रखवाली करने के बाद भी किसान अपनी फसलों को बचा नहीं पा रहे हैं। कडाके की ठंड से किसान अपने आप को बचाएँ या खेंतो मे अन्ना जानवरों के झुंड को लाठी लेकर हांकने जाएं यह किसानों के सामने एक बड़ी समस्या खड़ी हो चुकी है किसानों के खेंतो मे पलक झपकते ही अन्ना जानवरों का झुंड का झुंड खेंतो मे आकर फसलों का चट जा रहे हैं। अन्ना जानवरों को नवम्बर व दिसम्बर मे क्षेत्र से पकड ? के बाद गौशालाओं मे छोड ? का जिम्मेदारों ने हामी भर लिए लेकिन ऐसा कुछ क्षेत्रों में नहीं दिखाई दिया है। वर्तमान सरकार ने गौ आश्रय केंद्र खोल परंतु आवारा घूम रहे पशुओं पर किसी भी अधिकारी कर्मचारी का ध्यान नहीं गया । जिससे कि किसानों का भला हो सके जबकि इस दौरान क्षेत्रों में अधिक संख्या में अन्ना मवेशियों का काफिला दिखाई पड़ता हैं। किसान खेंतो मे मचान बना बैठे का बैठे रह जाते हैं। वहीं अन्ना जानवरों का काफिला खेंतो मे आकर फसलों चट जाते हैं। जिससे कि क्षेत्र का किसान अधिक परेशानियों को झेल रहा है जिस पर जिम्मेदार मौनव्रत रख बैठे हुए हैं ।जिम्मेदारो का किसानों का कोई दर्द समझने वाला दिखाई नहीं दे रहे हैं। जबकि छिवलहा, चकशाहफिरोज, कोतला ,चंदईपुर, सरांय, अमिलिहापाल, रुस्तमपुर, ठाकरपुर, सुरजीपुर आदि गाँव के किसान अन्ना मवेशियों के आंतक से परेशान हैं।

## शक्तिनगर पुलिस द्वारा गैंगेस्टर एक्ट में 02 अभियुक्त गिरफ्तार

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे अ0पु0अ0(मु0) के कुशल निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी के कुशल पर्यवेक्षण में थाना शक्तिनगर पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0- 01/2024 धारा- 3(1) उ0प्र0 गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम, 1986 से सम्बन्धित वाछिंत/फरार चल रहे 02 नफर अभियुक्तगण 01.लक्ष्मण कुमार पुत्र राजेन्द्र चौहान, निवासी वार्ड नं0-12 सिम्पलेक्स कॉलोनी, थाना विन्ध्यनगर, सिंगरौली (म0प्र0) उम्र लगभग 25 वर्ष, 02. सोनई पुत्र स्व0 चिनकुल निवासी वार्ड नं0-12 सिम्पलेक्स कॉलोनी, थाना विन्ध्यनगर, सिंगरौली (म0प्र0) उम्र लगभग 55 वर्ष को बलियानाला पेट्रोल पम्प के पास से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए मा0 न्याया0 रवाना किया गया।

## वीरपुरा पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

### शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं की दी गई जानकारी

अमन लेखनी समाचार/हेमंत यादव



गरौठा,झाँसी। शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जन जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से चलाई जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा शुक्रवार को ग्राम पंचायत वीरपुरा ब्लॉक गुरसरांय पहुँची जहाँ आयोजित एक कार्यक्रम में ग्रामीणों को शासन द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में टीकाराम पटेल ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि गुरसरांय मौजूद रहे ।ग्राम प्रधान नरेन्द्र कुमार त्रिपाठी द्वारा सभी अतिथियों का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया ।मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन में कहा की अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुँचाना विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य है ।इस दौरान शासन की योजनाओं से वंचित पात्र लोगों का पंजीकरण कराया गया। इस दौरान ग्राम प्रधान नरेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने कहा की गाँव के विकास में किसी प्रकार की कोई कमी नही छोड़ी जाएगी ।इस मौके पर हरप्रसाद पटेल पूर्व प्रधान, ललित पटेल, प्रतीक जैन, अवध रिछारिया, अनुज द्विवेदी ग्राम प्रधान नागर, विजय यादव, बाबू सिंह एडीओ पंचायत, अनंत देव शर्मा, मथुरा पाल सचिव, गगन प्रकाश सीएचओ, शायरा वानो आशा, नेहा आंगनवाड़ी कार्यकत्री, राकेश कुशवाहा, वरुणकांत त्रिपाठी, रामौतार, ग्याप्रसाद, पुष्पेंद्र साहू, अमर सिंह यादव बबलू खान, कुलदीप पटेल, भज्जू पटेल, संतोष अहिरवार सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे। अंत में ग्राम प्रधान द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

## हाईवे पर खड़े होने वाले भारी वाहन बनते हैं हादसों की वजह

अमन लेखनी समाचार/उमेश दीक्षित



हमीरपुर। कोहरे के चलते हाईवे किनारे खड़े होने वाले भारी वाहन हादसों का कारण बन रहे हैं बीती रात चंद्रपुरवा गेट के पहले हुए हादसे के पीछे हाईवे किनारे खड़े ट्रकों को ही बताया जा रहा है।

सुमेरपुर कस्बे में सौंखर मोड़ से लेकर इंगोहटा तिराहा तक का एरिया एक्सीडेंट बाहुल्य माना जाता है। नवीन गल्ला मंडी के समीप से लेकर फैक्ट्री एरिया पुलिस चौकी के सामने, फैक्ट्री एरिया पेट्रोल पंप के समीप, चंद्रपुरवा गेट के आगे ढाबों के सामने तथा प्रेम नगर के समीप सीमेंट फैक्ट्री के आसपास हाईवे किनारे भारी वाहनों का जमावड़ा रहता है। इससे हमेशा हादसे होते रहते हैं। इन जगहों पर तमाम जानें जा चुकी हैं बीती रात पेट्रोल पंप एवं चंद्रपुरवा गेट के मध्य में हुए हादसे के पीछे हाईवे पर भारी वाहनों को खड़ा होने के कारण माना जा रहा है। बताते हैं कि एक साइड में भारी वाहन खड़े होने से कबरई की ओर जा रहे किसी ट्रक ने साइड में जा रहे युवक की बाइक में पीछे से टक्कर मार दी और कुचलता हुआ भाग निकला। इस हादसे में कुंडौरा निवासी शिवस्वरूप यादव की मौके पर ही मौत हो गई। इसके पूर्व इन जगहों पर कई जानें गई हैं। परिवहन विभाग हाईवे में इन वाहनों को हटाने में नाकामयाब साबित हो रहा है।

## अष्टम वार्षिकोत्सव की तैयारियों में जुटी युवा विकास समिति

### 10 जनवरी को मनाया जाएगा 8 वा वार्षिकोत्सव, अधिकारियों को किया गया आमंत्रित

अमन लेखनी समाचार/निर्मित द्विवेदी

फतेहपुर। जनपद फतेहपुर में युवा विकास समिति का आठवां वार्षिकोत्सव 10 जनवरी को तेलियानी विकास खंड परिसर में मनाया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर के समिति के पदाधिकारियों ने तैयारी शुरू कर दी है। शुक्रवार को अपर जिलाधिकारी डा.अविनाश त्रिपाठी से भेंट कर उन्हें नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम हेतु आमंत्रित किया ।जिला समाज कल्याण अधिकारी अवनीश कुमार को कार्यक्रम का आमंत्रण पत्र दिया ।प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेंद्र मिश्रा ने बताया संगठन के द्वारा निस्वार्थ सेवा कार्य लगातार सात वर्षों से किया जा रहे हैं ।विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों को उत्कृष्ट कार्य हेतु उन्हें सम्मान प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाएगा ।जिला प्रवक्ता आलोक गौड़ ने बताया जनपद के विभिन्न जगहो मे सर्दी से बचाव हेतु नेकी की दीवार, निराश्रित पक्षियों के लिए कृत्रिम घोसला, मवेशियों के लिए पानी से भरे हौदे, सर्दी से बचाव के लिए कंबल वितरण, वृद्धाश्रम में विभिन्न कार्यक्रम करके खुशियां बांटने का कार्य लगातार किया जा रहा है ।युवा विकास समिति सेवा सहायता के कामों से ही जनपद मे एक अलग छाप है ।कार्यक्रम को लेकर के जिला अध्यक्ष कंचन मिश्रा, विकास श्रीवास्तव, सनी श्रीवास्तव, अवनीश त्रिवेदी, आफताब अहमद आदि ने विचार मंथन किया।

## बीजपुर पुलिस द्वारा 01 किलो 500 ग्राम गांजा के साथ 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार




अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक द्वारा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले तस्करों के विरुद्ध अभियान चलाया गया है, इसी के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) तथा क्षेत्राधिकारी दुद्धी के पर्यवेक्षण में आज दिनांक 05.01.2024 को थाना बीजपुर पुलिस द्वारा एक नफर अभियुक्त राजू भारती पुत्र कृष्णकान्ती भारती, निवासी ग्राम डोडहर, थाना बीजपुर, जनपद सोनभद्र को 01 किलो 500 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार कर लिया गया ।उक्त बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना बीजपुर पर मु0अ0सं0 02/2024 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त उपरोक्त को माननीय न्यायालय भेजा गया।

**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक- श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक - रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



रोचक / प्रत्यूष शर्मा

बच्चों, अगर तुम विंटर वेकेशन पर अपनी फैमिली के साथ कहीं स्नोफॉल वाले इलाके में जाने का प्लान कर रहे हो तो कुछ क्रिएटिव-मजेदार आउटडोर गेम्स और एक्टिविटीज के बारे में जरूर जान लो, ताकि वहां जाकर इन्हें एंज्वॉय करो।

# विंटर वेकेशन में करो फन इन आउटडोर एक्टिविटीज संग

बच्चों, बर्फबारी वाले इलाके में जाकर फैमिली के साथ मजे करने के लिए आउटडोर एक्टिविटीज एक बहुत मजेदार ऑप्शन है। यहां हम तुम्हें कुछ एक्टिविटीज के बारे में बता रहे हैं, जो विंटर वेकेशन का मजा दोगुना कर देंगी।

### स्नोमैन या स्नो एनिमल्स

बर्फबारी वाले इलाके में फैमिली के साथ जमीन पर पड़ी बर्फ से स्नोमैन बनाने से बेहतर यादगार लम्हा कुछ और नहीं हो सकता। बच्चों, अगर तुम इस एक्टिविटी में क्रिएटिव बदलाव लाना चाहते हो तो स्नोमैन के बजाय अपने किसी फेवरेट एनिमल जैसे- भालू, बिल्ली, कुत्ता, पेंगुइन की आकृति भी बना सकते हो। इन्हें देखकर बहुत मजा आएगा।

### आइस स्केटिंग

विंटर में जहां बर्फबारी होती है या तापमान जीरो डिग्री सेल्सियस के नीचे रहता है। वहां आउटडोर एक्टिविटीज में आइस स्केटिंग सबसे



मजेदार खेल है। आइस स्केटिंग आउटडोर रिंक (एक निर्धारित आइस कोर्ट) पर करते हैं। अधिकांश रिंक में बड़ों के साथ कम उम्र के बच्चों के लिए भी आइस स्केट्स उपलब्ध होती हैं। यहां बच्चों एक बात का ध्यान रखना कि आइस स्केटिंग करते समय अपने सिर और अंगुलियों की सुरक्षा के लिए हेलमेट और मोटे दस्तानें जरूर पहन लेना।

### स्कीइंग-स्नो बोर्डिंग गेम्स

बच्चों, स्कीइंग और स्नो बोर्डिंग बहुत मजेदार गेम्स हैं। बर्फबारी वाली पहाड़ी पर ये दोनों गेम खेलने में बहुत मजा आता है। बच्चों के लिए भी स्कीइंग और स्नोबोर्ड के लिए जरूरी उपकरण उपलब्ध कराए जाते हैं। अगर तुम स्कीइंग में नए हो तो वहां पर तुम्हें स्की ट्रेनर भी मिल जाएगा। एक बार जब तुम स्कीइंग या स्नोबोर्ड चलाना सीख जाओगे तो इसमें बहुत मजा आएगा।



### रंगीन बर्फ के गोले

बच्चों, स्नोफॉल होने पर तुम रंग-बिरंगे बर्फ के गोले बना सकते हो। इसके लिए जमीन पर गिरी बर्फ को इकट्ठा करके थोड़ा गर्म करके पिघला लो। पानी ठंडा होने पर गुब्बारे में भर लो, इसी के साथ तुम खाने में उपयोग किए जाने वाले रंग की कुछ बूंदें भी इसमें मिला सकते हो। इसके बाद रंगीन पानी के गुब्बारों को घर के बाहर पड़ी बर्फ में डालकर ऊपर से बर्फ से ढंक दो, इसे कुछ घंटों के लिए छोड़ दो। एक बार रंगीन पानी जम जाने पर, गुब्बारों को



फोड़ो। अब तुम्हारे पास अपनी पसंद के रंगों के सुंदर बर्फ के गोले होंगे। इन्हें सजाने के लिए या खेलने के लिए बाहर ले जा सकते हो।

### बर्फ का महल

बच्चों, गर्मियों में रेत के महल तो तुमने खूब बनाए होंगे, विंटर में बर्फ का महल बनाना भी बहुत मजेदार एक्टिविटी है। रेत के महल बनाने के उपकरण जैसे कप, कटोरे, फावड़े आदि की जरूरत होती है, बर्फ के महल के लिए भी इन उपकरणों की जरूरत होगी। इनकी मदद से अपने भाई-बहन और पैरेंट्स के साथ बर्फ का महल बनाओ फिर इसे पेड़ के पत्तों से सजाओ। महल को अनोखा बनाने के लिए इसमें थोड़ा रंगीन पानी भी डाल सकते हो। *





### पेट के लिए बनाओ स्पेशल स्नो केक

**केक किस** को पसंद नहीं होता, हर किसी को केक पसंद होता है, यहां तक कि पेट एनिमल्स को भी। बच्चों, बर्फबारी वाले इलाके में जाकर तुम अपने पेट के लिए स्नो केक बना सकते हो। जमीन पर एक बड़ा स्नो केक बनाने के लिए बर्फ का उपयोग करो। अपने एनिमल की फेवरेट चीजों को बर्फ के ऊपर सजा सकते हो। तुम्हारा पेट एनिमल स्नो केक देखकर बहुत खुश हो जाएगा। *

# माउंट एवरेस्ट के ऊपर उड़ने वाला बार-हेडिड गूज

अनोखा पक्षी



बच्चों, इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ रही है। तुम्हें सुबह-सुबह रजाई से बाहर आने में बहुत आलस आता होगा। जरा-सा ठंडा पानी शरीर पर लग जाए तो पूरे शरीर में कंपकंपी होने लगती होगी। दुनिया में एक ऐसा पक्षी है, जो ऐसी कड़ाके की ठंड में हिमालय पर्वत श्रृंखला के ऊपर आसानी से उड़ान भर लेता है। इस अनोखे पक्षी का नाम बार-हेडिड गूज है। यह हंस की एक प्रजाति है, जिसे अपने देश में राजहंस कहा जाता है।

बच्चों, बार-हेडिड गूज प्रजाति बांग्लादेश, भूटान, चीन, अफगानिस्तान, भारत, मंगोलिया, म्यांमार, नेपाल, पाकिस्तान, रूस, थाईलैंड और वियतनाम देशों में पाई जाती है। यह प्रजाति सर्दी के मौसम में भारत की ओर प्रवास करती है। इस दौरान यह पक्षी हिमालय पर्वत श्रृंखला को पार करता है। यह औसतन 20,000 फीट तक की ऊंचाई पर उड़ान भरता है। इसलिए बार-हेडिड गूज का नाम दुनिया में सबसे ज्यादा ऊंचाई पर उड़ने वाले पक्षियों में शामिल है। उड़ान भरने के दौरान जब यह हिमालय के मध्य से उड़ान भरता है तो हवा की गति 322 किमी. प्रति घंटा होती है। जानकारों के अनुसार पर्वतारोहियों ने बार-हेडिड गूज को माउंट एवरेस्ट की चोटी के ऊपर से उड़ान भरते हुए देखा है, यह ऊंचाई करीब 30,000 हजार फीट से अधिक होगी। इसके अलावा बार-हेडिड गूज लगातार लंबी दूरी तक की उड़ान भरने में सक्षम है। कहा जाता है कि यह पक्षी एक ही दिन में बिना रुके 1,000 मील यानी करीब 1,609 किमी. की दूरी तय कर सकता है। वैज्ञानिकों के अनुसार इसकी वजह इस पक्षी के शक्तिशाली पंख होते हैं। साथ ही इस पक्षी की रक्त कोशिकाओं में एक विशेष प्रकार का प्रोटीन पाया जाता है, जो काफी ऊंचाई पर भी ऑक्सीजन को बहुत जल्दी अवशोषित करने में मदद करता है। इसलिए यह हिमालय पर्वत श्रृंखला को आराम से पार कर लेता है। *

प्रस्तुति : देवेंद्र पांडे

## बूझो तो जानें





1
मूंग नहीं लेकिन फली निराली,
जाड़ों की मेवा कहलाती।
बड़े स्वाद से मुझको खाते
तन में सबके शक्ति बढ़ाती।।

2
नन्हा हूं लेकिन शक्ति बढ़ाता,
सफेद, काला दो रंग में आता।
गजक, लड्डू बनते हैं मुझसे,
सर्दी लगने से मैं हूं बचाता।

3
किश और मिश में नाम छिपा है,
बड़ी मुलायम शक्ति वाली।
बच्चे-बूढ़े सबको मैं भाऊं,
खीर का स्वाद बढ़ाने वाली।।

4
तन मेरा है बड़ा कठोर,
तोड़ो तो मस्तक-सा चित्र।
जो खाता मेरे फल को,
शक्ति दूं मैं सच्चा मित्र।।

-डॉ. राकेश चक्र

उत्तर- 1-मूंगफली, 2-तिल, 3-किशमिश, 4-अखरोट

कविता / इंद्रजीत कौशिक

## रजाई



जब से देखो सर्दी आई
मुझको भाने लगी रजाई।
जब इसमें घुस जाता हूं,
बाहर नहीं फिर आता हूं।
नींद बहुत प्यारी आती,
आंख सुबह ही खुल पाती।
अच्छे-अच्छे सपने आते,
सपने में ही हलुवा खाते।
मम्मी आकर मुझे जगाती,
शाला की फिर याद दिलाती।
हर रोज बस यही कहानी,
नहीं रजाई का कोई सानी।

## जीके क्विज-86



1. मध्य प्रदेश का उज्जैन जिला किस नदी के तट पर बसा है?
2. देश में सबसे बड़े आकार वाली वीणा प्रतिमा कहां स्थापित की गई है?
3. भारत का एक राज्य, जो कभी भी अंग्रेजों का गुलाम नहीं हुआ था?
4. हाल में वित्त आयोग का नया अध्यक्ष किसे बनाया गया?
5. विश्व वन दिवस कब मनाया जाता है?
6. भारत के किस राज्य को 'कोयले का भंडार' कहा जाता है?
7. भारत की सबसे प्राचीन पर्वत श्रृंखला का क्या नाम है?
8. महात्मा गांधी से पहले भारतीय नोट पर किसकी तस्वीर छपती थी?
9. कर्क रेखा भारत के कितने राज्यों से होकर गुजरती है?
10. टी-20 मैच की एक पारी में कितने ओवर खेले जाते हैं?



बच्चों, जीके क्विज-86 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे।

**जीके क्विज-85 का उत्तर :** 1-विष्णुदेव साय, 2-डॉ. मोहन यादव, 3-वृंदा घनश्याम राठी, 4-88, 5-मछली, 6-इलायची, 7-ताजमहल, 8-सरदार वल्लभभाई पटेल, 9-शतरंज, 10-3,600 सेकेंड

**जीके क्विज-85 का सही उत्तर देने वाले :** पूर्वी-दुर्ग, आकांक्षा-अहमदाबाद, रौनक-जांजगीर, ईशान-अहमदाबाद, आदित्य-धमतरी, अयान-भिलाई, गीतेश-रायपुर, दुर्गेश-बालोद, किशन-धमतरी, कृष-अनुपपूर, चेतन-बालोद,

कहानी
हरीश कुमार 'अमित'

स्कूल जाते समय शशांक जब सर्दी में एक भिखारी को ठंड से कांपता देखता तो उसको भिखारी पर बहुत दया आती। शशांक ने भिखारी की मदद करने की सोची। जब उसने अपने पापा-मम्मी से यह बात कही तो वे बोले, 'दुनिया में बहुत सारे गरीब-दुखियारे हैं, किस-किस की मदद करोगे?' लेकिन शशांक माना नहीं, उसने जो किया, उससे उसे ही नहीं, मम्मी-पापा को भी अनोखी खुशी मिली।

# अनोखी खुशी




सुबह स्कूल जाते समय बस की खिड़की से शशांक एक भिखारी को सड़क किनारे भीख मांगते हुए देखता था। उस भिखारी के कपड़े मैले-कुचैले और फटे-पुराने होते थे। वह सर्दी से ठिठुरता रहता था। उसकी एक टांग भी घुटने से नीचे कटी हुई थी। भिखारी को देखकर शशांक को उस पर दया आती। उसका मन करता कि भिखारी की कोई मदद करे।

एक दिन रात के समय खाना खाने के दौरान शशांक ने मम्मी-पापा को उस भिखारी के बारे में बताया। उसने यह भी कहा कि उस भिखारी को सर्दी से बचाने के लिए हमें कुछ करना चाहिए।

शशांक की बात सुनकर पापा बोले, 'बेटा, दुनिया में ना जाने कितने गरीब-दुखियारे हैं। हम किस-किस की मदद करेंगे?' बीच में मम्मी भी बोलीं, 'दूसरे लोग भी तो उस भिखारी को देखते होंगे, कोई और कर देगा मदद।'

लेकिन शशांक पर मम्मी-पापा की बात का कोई असर नहीं हुआ, वह बोला, 'मम्मी-पापा, सर्दी के इस मौसम में उसे कितनी मुश्किल होती होगी। आप उसे देखेंगे तो आपको भी उस पर बहुत दया आएगी।'

थोड़ी देर की बातचीत के बाद अंत में यही तय हुआ कि आने वाले रविवार को पापा शशांक को साथ लेकर उस भिखारी को देखने जाएंगे। रविवार को जब पापा और शशांक उस जगह पहुंचे, जहां वह भिखारी बैठकर भीख मांगता था, वहां पर नहीं था। आस-पास के लोगों से पूछने पर पता चला कि वह आज भीख मांगने नहीं आया है। यह भी मालूम हुआ कि वह पास की गली में कहीं रहता है।

पापा और शशांक उस भिखारी को ढूंढ़ते हुए उसके पास पहुंचे तो पता चला कि सर्दी लग जाने के कारण उसे बुखार था। इसी कारण वह भीख मांगने नहीं गया। पापा को भी उस भिखारी को देखकर दया आई। कुछ देर बाद पापा और शशांक घर लौट आए। उन्होंने मम्मी को भी भिखारी की स्थिति के बारे में बताया। मम्मी को भी उस पर बहुत तरस आया। मम्मी-पापा ने उस भिखारी की मदद करनी चाही, लेकिन यह समझ नहीं आ रहा था कि मदद की कैसे जाए? तभी शशांक बोला, 'पापा, यह दीवार पर आपकी जो फोटो लगी है, उसमें आपने बंद गले का कोट पहना हुआ है, लेकिन अब आप यह कोट पहनते नहीं। पापा, यह कोट कहां है?' 'शशांक, यह कोट बहुत पुराना हो गया था, इसलिए उसे पहनना बंद कर दिया। वह कोट किसी अटैची में ही बंद रखा है।' पापा ने बताया।

यह सुनते ही शशांक बोला, 'पापा, क्यों न यही कोट उस भिखारी को दे दिया जाए, वह ठंड से बच जाएगा।'

शशांक की बात मम्मी-पापा को पसंद आई।

तभी मम्मी को कुछ याद आया और वह बोलीं, 'एक गर्म जुराब भी पड़ी है, लेकिन सिर्फ एक पैर की। इसके साथ की दूसरी जुराब ना जाने कहां गुम गई थी। वह जुराब भी हम उस भिखारी को दे सकते हैं।'

यह सुनकर शशांक उत्साह से भर उठा, बोला, 'पापा, आज शाम को ही चलते हैं, उस भिखारी को कोट और जुराब देने!'

शाम को जब पापा और शशांक उस भिखारी के पास जाने लगे, तो मम्मी ने उस भिखारी के लिए गर्म खाना भी पैक करके दे दिया। साथ ही यह भी कहा कि उसे गर्म चाय भी पिला देना। पापा ने बुखार के लिए दवाई भी रख ली।

भिखारी को सारा सामान देकर कुछ देर बाद शशांक जब पापा के साथ वापस घर आया तो बहुत खुश था। साथ में मम्मी-पापा को भी एक अनोखी खुशी-सी महसूस हो रही थी। अगले दिन शशांक के स्कूल की छुट्टी थी। मंगलवार को जब वह स्कूल जा रहा था तो उसने बस की खिड़की से देखा, वही भिखारी उसके पापा का बंद गले का कोट पहन कर सड़क किनारे बैठा भीख मांग रहा था। उसने बाएं पैर में वही गर्म जुराब भी पहनी हुई थी। यह सब देख शशांक को एक बार फिर से बहुत खुशी हुई। *

जंतु-जगत / अशोक जोशी

# सर्दियों में शीतनिद्रा में चले जाते हैं भालू

बच्चों, भालू सर्दियों के दौरान शीतनिद्रा में चले जाते हैं। इसे जीव विज्ञान की भाषा में हाइबरनेशन कहा जाता है। लेकिन ऐसा भी नहीं है कि भालू पूरी सर्दी में बस सोते ही रहते हैं। भालुओं के लिए शीतनिद्रा का मतलब है कि उन्हें खाने या पानी पीने की जरूरत नहीं होती है। उन्हें शौच करने की जरूरत भी बहुत कम या बिल्कुल नहीं होती है। यदि भोजन बहुत कम या बिल्कुल भी उपलब्ध नहीं है, तो सर्दियों के दौरान भालुओं को अपनी मांद में रहना पड़ता है।



बच्चों, अलास्का (जहां सर्दी बहुत ज्यादा पड़ती है) में भालू साल के लगभग सात महीने शीतनिद्रा में रहते हैं। गर्म, तटीय क्षेत्रों में यह समय दो से पांच महीने का होता है। नवजात शावकों को पालने वाले भालुओं के लिए शीतनिद्रा का समय लंबा होता है।

भोजन और पानी के बिना लंबे समय तक जीवित रहने के लिए भालुओं में अनुकूलन विशेषताएं यानी एडाप्टेशन क्वालिटीज डेवलप हो जाती हैं। भालू अपने शरीर का तापमान 8 से 12 डिग्री सेल्सियस कम कर लेते हैं, और ऊर्जा के लिए शरीर में संरक्षित वसा भंडार (फैट स्टोरेज) को तोड़ देते हैं। इसके लिए वो शरीर में स्टोर एक्सट्रा प्रोटीन का भी उपयोग करते हैं। अपने शरीर में गर्मी को बेहतर ढंग से बचाए रखने के लिए भालू अपना स्थान बदलते रहते हैं।

बच्चों, तुमने चिड़ियाघर में सर्दी के मौसम में भालुओं को देखा होगा। वहां भालू के लिए अनुकूल वातावरण निर्मित किया जाता है। भालू को अपना भोजन ढूंढ़ने बाहर नहीं जाना पड़ता है। सर्दियों के दौरान उनकी गति धीमी हो जाती है, वे सामान्य से अधिक समय तक सोते हैं। कुछ चिड़ियाघर के भालुओं को साल भर खाना खिलाया जाता है, इसलिए वे शीतनिद्रा में नहीं जाते हैं। वहीं, कुछ चिड़ियाघरों में भालुओं को प्रकृति के अनुकूल बनाए रखने के लिए सर्दियों में लंबे समय तक सोने दिए जाता है, ताकि वो स्वस्थ्य रहें और उनका वजन ज्यादा ना बढ़े। *

## रंग भरो-141

**रंग भरो-141** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





पलक, धमतरी



सौम्य, बालोद



समृद्धि, शहडोल



पूनम, बिलासपुर



रुकमणी, कबीरधाम



ईशानी, कोरबा

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

रेयांश-बिलासपुर, आयुषी-सक्ती, मीनू-महेंद्रगढ़, जितेंद्र-रोहतक, माही-गुना, हार्दिक-बिलासपुर, हंसराज-कोरबा, कार्तिक-दिल्ली, खुशी-रायपुर, चंपक-भोपाल, कविता-जबलपुर, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, विभा-रोहतक, तानिया-महासमुंद, गगन-भोपाल

## रंग भरो 142





बच्चों, यहां पर एक सुंदर-सा चित्र दिया गया है, जिसमें एक बच्चा अपने डॉगी को खाना खिला रहा है। इसको मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम **बालभूमि** में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## सही परछाई पहचानो

बच्चों, यहां बर्फ के गोले के साथ खेलती एक बच्ची का चित्र दिया गया है। चित्र के साइड में 6 परछाइयां दी गई हैं। तुम्हें इन परछाइयों में से उस परछाई को पहचानना है, जो बच्ची के चित्र की एकदम सही परछाई है। जल्दी से सही परछाई को पहचानो तो।






उत्तर : E